
हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, मंगलवार 28 जनवरी 2025


# उर्मिला मेमोरियल सुपरस्पेशिलिटी हॉस्पिटल

**200 बिस्तरों का सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल**

UMH™ आयुष्मान भव:

24x7 हृदय रोग एवं ब्रेन स्ट्रोक आपातकालीन सुविधा



## पेट, लीवर एवं आंत रोगों का
# विश्वसनीय चिकित्सा संस्थान
### सर्वश्रेष्ठ चिकित्सक, सर्वश्रेष्ठ चिकित्सा



**डॉ. विनोद कुमार सिंह**
मेडिकल डायरेक्टर, एमबीबीएस, एम.एस., एफएआईईजीएस, डी. मास, एफ. मास जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन एन्टी रिफल्स सर्जरी विशेषज्ञ

**डॉ. सन्नी उत्तमानी**
एम.डी. मेडीसीन
डी.एम. हेमेटोलॉजी गैस्ट्रोइंटेरोलॉजी (गोल्ड मेडलिस्ट)
लिवर रोग विशेषज्ञ

**डॉ. प्रवेश शुक्ला**
आंत, पेंक्रियाज़, लिवर के विशेषज्ञ सर्जन

**ट्विंकल साहू**
आहार विशेषज्ञ

### लक्षण

- GERD की समस्याएं
- हेपेटोब्लेरी डिसीस
- लिवर सिरोसिस
- पीलिया
- मोटापा
- भूख कम लगना
- खून की उल्टी
- मल के रास्ते खून या मवाद
- मुंह में कड़वा स्वाद
- सोते समय मुंह में पानी
- मल त्याग में परेशानी
- बार-बार डकार आना
- खाना न पचना

### विश्वस्तरीय सुविधाएं

- 24x7 मेनोमेट्री
- PH मानीटरिंग
- ERCP
- एंडोस्कोपी
- कोलोनोस्कोपी
- फाइब्रोस्कैन
- गैस्ट्रिक बाईपास सर्जरी
- गैस्ट्रिक कैंसर सर्जरी
- मेटाबोलिक सर्जरी
- बेरियाट्रीक सर्जरी

**लीवर की निःशुल्क फाइब्रोस्कैन जांच 30 जनवरी 2025**

**पेट रोगों हेतु निःशुल्क एंडोस्कोपी जांच 31 जनवरी 2025**

छ.ग. शासन एवं केन्द्र शासन के कर्मचारी एवं उनके परिजन के इलाज हेतु मान्यता प्राप्त, आयुष्मान, बिजू योजना, रेल्वे, एयरपोर्ट, कोल इंडिया, CSEB एवं सभी इंश्योरेंस एवं T.P.A. से मान्यता प्राप्त

जांच पूर्व रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें : 0771-4088820, 9589956859 , 9109125524

भाठागांव, हल्का तालाब रोड, के पास, रायपुर (छ.ग.)

# चुनाव नजदीक, सजी टोपी, झंडा बैनर, पोस्टर की दुकान, सौ करोड़ से ज्यादा का व्यापार होने की उम्मीद



- चुनाव प्रचार में इस बार महिला सामान की मांग ज्यादा
- नगरीय निकाय के साथ त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव साथ-साथ होने से परेशानी बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगरीय निकाय के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू होते ही चुनाव प्रचार सामग्री बेचने वालों ने अपनी दुकान सजा ली है। प्रचार सामग्री का कारोबार करने वाले कारोबारियों के अलावा प्रमुख राजनीतिक दलों के साथ अन्य क्षेत्रीय स्तर की राजनीतिक पार्टी सहित निर्दलीय उम्मीदवार प्रचार सामग्री का आर्डर देने लगे हैं। मतदान होने में महज 15 दिन का समय शेष रह गया है। ऐसे में प्राचार सामग्री का कारोबार करने वालों ने चुनाव के घोषणा होने के बाद ही प्राचार सामग्री की छपाई के साथ भंडारण करने का काम पहले ही शुरू कर दिया है।

चुनाव प्राचार सामग्री का कारोबार करने वाले कारोबारी अमर परचानी के मुताबिक पिछले वर्ष नगरीय निकाय तथा त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के समय प्रदेश में सवा सौ करोड़ रुपए का कारोबार हुआ था। इस बार नगर निगम, नगर पंचायत के साथ नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव सीधे मतदाता करेंगे। इसके चलते प्राचार सामग्री की बिक्री ज्यादा होने की उम्मीद प्राचार सामग्री कारोबारी ने व्यक्त की है। कारोबारी के अनुसार इस बार चुनाव प्राचार सामग्री में महिलाओं से संबंधित प्राचार सामग्री का मांग ज्यादा है। कारोबारी के अनुसार छह फरवरी के बाद त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए प्राचार सामग्री की बिक्री में तेजी आएगी।

## स्थानीय स्तर पर खरीद कर बेच रहे

कारोबारी के अनुसार पंचायत चुनाव के लिए प्रचार सामग्री चुनाव चिन्ह के आधार पर का पंप्लेट बनाकर बेचा जा रहा है। ग्रामीण इलाकों में भी इन दिनों प्रचार सामग्री बेचने वालों की दुकान सज गई है। इनमें कई प्रिंटिंग प्रेस के कारोबार करने वाले रायपुर के थोक कारोबारियों से संपर्क कर अपने यहां चुनाव प्रचार सामग्री प्रिंट करने के बजाय उनसे खरीद कर बेच रहे हैं।

## इस तरह के दिखेंगी चुनाव सामग्री

चुनाव प्रचार सामग्री में प्रचलित झंडे, बैनर के साथ नए तरह की प्राचार सामग्री में इस बार लड़कियों की चुनरी, मफलर तथा डिजिटल कैप देखने को मिलेगा। इसके साथ ही करीब डेढ़ सौ रुपए कीमत की एनब्राइडिंग मफलर चुनाव प्राचार सामग्री का हिस्सा होगा। महिलाओं के लिए अंगूठी के साथ ही साड़ी पिन, ईयररिंग चुनाव प्रचार का हिस्सा होगा।

## रायपुर में तीन करोड़ से ज्यादा का कोराबार

चुनाव प्रचार सामग्री का कारोबार करने वाले कारोबारी के अनुसार नगरीय निकाय तथा पंचायत चुनाव में रायपुर जिले में तीन करोड़ रुपए से ज्यादा का कारोबार होने की उम्मीद है। कारोबारी के अनुसार पार्षद तथा मेयर पद के प्रत्याशी नामों की घोषणा होने के बाद चुनाव प्रचार सामग्री के लिए आर्डर कर दिए हैं।









### पार्षदों की सूची बनाने में मशक्कत, जिला कांग्रेस की सूची में बाद में नाम जोड़ने से बढ़ी दिक्कत

# कांग्रेस में कार्यकर्ताओं ने लगाए टिकट बेचने के आरोप, कई बागी निर्दलीय लड़ने की तैयारी में





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगरीय निकाय चुनाव के लिए कांग्रेस के टिकट तय होने पर सूची जारी होने के बाद अब सियासी हलचल तेज हो गई है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जमकर नाराजगी सामने आने लगी है। रायपुर निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस ने रविवार को देर रात उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। इसके बाद आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नाराजगी दिखी। कोरबा के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव भवन में नारेबाजी करते हुए पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज से बात करने को लेकर हंगामा किया। वहां मौजूद कांग्रेस के पदाधिकारियों से जमकर बहस हुई। सोमवार सुबह कांग्रेस के कार्यकर्ता अपनी शिकायत लेकर पीसीसी अध्यक्ष के निवास पहुंचे।

कांग्रेस पार्टी ने मेयर और अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। यह सूची देर रात तक चली बैठक के बाद सोमवार सुबह सार्वजनिक की गई। बैठक के दौरान रायपुर स्थित कांग्रेस भवन में हंगामे की स्थिति उत्पन्न हो गई। कार्यकर्ताओं की नाराजगी इस कदर बढ़ गई कि वे खुलेआम हंगामा करते नजर आए। उम्मीदवारों की सूची जारी होने के बाद कई जिलों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में असंतोष देखने को मिला। सोमवार को राजीव भवन में कार्यकर्ता अपनी उम्मीदवारी की टोह लेने पहुंचे। सूत्रों के अनुसार, बैठक के दौरान कुछ कार्यकर्ताओं को कांग्रेस भवन से बाहर जाने को कहा गया, जिससे उनका गुस्सा फूट पड़ा। नाराज कार्यकर्ताओं ने पार्टी नेतृत्व के खिलाफ तीखी नाराजगी जाहिर की। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक कार्यकर्ता कहते हुए सुनाई दे रहे हैं, पांच साल तक हम पार्टी के लिए काम करते हैं और अब हमें ही बाहर निकाला जा रहा है।

## पार्टी के भीतर गहराता असंतोष

कार्यकर्ताओं की नाराजगी की स्पष्ट वजह सामने नहीं आई है, लेकिन बताया जा रहा है कि पार्टी की बैठक में प्रत्याशियों के चयन प्रक्रिया को लेकर असहमति थी। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने नाराज कार्यकर्ताओं को समझाने की कोशिश की, लेकिन उनका गुस्सा शांत नहीं हुआ। कांग्रेस भवन में विवाद और हंगामे की घटनाएं नई नहीं हैं। सत्ता में रहते हुए भी पार्टी के भीतर इस प्रकार के विवाद समय-समय पर सामने आते रहे हैं। हाल ही में हुए विधानसभा उपचुनावों के दौरान भी ऐसी ही स्थिति बनी थी, जब कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया था। पार्टी के सामने सबसे बड़ी चुनौती नाराज कार्यकर्ताओं को शांत करना और एकजुटता बनाए रखना है। आगामी चुनावों में पार्टी की छवि को इस तरह के घटनाक्रमों से नुकसान हो सकता है।

## टिकट बंटवारे से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं का राजीव भवन में हंगामा

### पैसा लेकर टिकट बांटने का आरोप

बता दें कि प्रभारी महासचिव सचिन पायलट की अध्यक्षता में प्रत्याशियों के नामों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, और अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। वहीं चिरमिरी महापौर प्रत्याशी विनय जयसवाल के नाम को लेकर कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताई है। विरोधी पक्ष पूर्व सीएम भूपेश बघेल, पीसीसी चीफ दीपक बैज समेत अन्य नेताओं पर पैसा लेकर टिकट बांटा गया है। कांग्रेसी कार्यकर्ता इसे बर्दाश्त नहीं कर पा रहे है और आने वाले चुनाव में इसका परिणाम डॉ विनय जायसवाल को भुगतना होगा।





### कांग्रेस पार्षद और एमआईसी सदस्य बागी हुए

इधर, जितेंद्र अग्रवाल इस बार निर्दलीय चुनाव लड़ेंगे। महंत लक्ष्मी नारायणदास वार्ड के कांग्रेस पार्षद और एमआईसी सदस्य जितेंद्र अग्रवाल ने कहा कि उन्होंने अपने वार्ड के लिए नामांकन फार्म फिर से जमा किया है। हालांकि, पार्टी उन्हें टिकट दे रही थी, लेकिन उन्होंने निर्दलीय चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। इस फैसले से यह साफ हो गया है कि उन्होंने कांग्रेस पार्टी छोड़ दी है। गौरतलब है कि पिछली बार हुए निगम चुनाव में जितेंद्र अग्रवाल निर्दलीय के रूप में जीतकर आए थे और बाद में कांग्रेस पार्टी ज्वाइन की थी। जितेन्द्र ने बताया कि यह उनका चौथा चुनाव होगा। इससे पहले वे दो बार पार्षद चुनाव हार चुके थे, और पिछला चुनाव उन्होंने जीता था।

### रायपुर में 6 पार्षदों के टिकट कटे, 5 वार्डों में फंसा पेंच

रायपुर नगर निगम के पार्षदों की सूची देर शाम तक जारी नहीं होने से दावेदारों की बेचैनी बढ़ गई है। कांग्रेस मुख्यालय के बाहर डटे रहे। उम्मीदवारों के हंगामे के बीच आखिरकार कांग्रेस ने सूची जारी कर दी है। बताया जा रहा है कि रायपुर के 70 पार्षदों की सूची तैयार हो गई है, जिनमें 6 सिटिंग पार्षदों के टिकट कटे हैं। वहीं, 5 वार्डों के उम्मीदवारों पर पेंच फंसा है। देर शाम तक सूची तैयार करने की कवायद जारी रही।

### भाजपा के जिला उपाध्यक्ष ने किया कांग्रेस प्रवेश

खैरागढ़ जिले के छुईखदान नगर पंचायत की राजनीति में बड़ा उलटफेर हुआ है। नगर पंचायत से दो बार अध्यक्ष रह चुके और भाजपा के जिला उपाध्यक्ष गिरीराज किशोरदास ने आज अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। रायपुर में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उपस्थिति में उन्होंने कांग्रेस ज्वाइन की। गिरीराज किशोरदास ने कहा, भाजपा में अब कार्यकर्ताओं की अनदेखी और परिवारवाद हावी हो गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पार्टी नेतृत्व क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनभावनाओं को दरकिनार कर निर्णय ले रही है।

# मुख्यमंत्री साय ने लाला लाजपत राय की जयंती पर किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंजाब केसरी लाला लाजपत राय की 28 जनवरी को जयंती पर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि लाला लाजपत राय जी का जीवन देश के लिए समर्पण, बलिदान और संघर्ष का प्रतीक है।

उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अंग्रेजी साम्राज्य के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। मुख्यमंत्री श्री साय ने लाला लाजपत राय जी के स्वतंत्रता संग्राम में अतुलनीय योगदान को याद करते हुए कहा कि लाला जी ने स्वाधीनता के लिए संघर्ष करते हुए अपने प्राणों की भी परवाह नहीं की। लाला जी ने कहा था 'मेरे शरीर पर पड़ी एक-एक लाठी ब्रिटिश सरकार के ताबूत में एक-एक कील का काम करेगी'। श्री साय ने कहा कि लाला जी की कही बात सच साबित हुई और उनकी शहादत ने आजादी की लड़ाई को एक नई दिशा दी। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि लाला लाजपत राय का देश के लिए बलिदान हमें देश की उन्नति के लिए काम करने की सदैव प्रेरणा देते रहेगा।

# ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिए होगी अपार आईडी निर्माण की मॉनिटरिंग, दिक्कत के लिए हेल्पलाइन नंबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्कूली विद्यार्थियों के लिए तैयार किए जा रहे यूनिक आईडी नंबर अर्थात अपार के निर्माण में स्कूलों को कई तरह की दिक्कतें आ रही हैं। अब इसके निपटान के लिए ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च करने के साथ ही हेल्पलाइन नंबर जारी करने की भी तैयारी है। सीबीएसई द्वारा स्वयं से संबद्ध विद्यालयों को यह सुविधा दी जा रही है। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने संबद्ध स्कूलों के छात्रों के लिए प्राथमिक पहचानकर्ता के रूप में अपार आईडी निर्माण के संदर्भ में एक नोटिस जारी किया है। यह नोटिस सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है।

जारी की गई इस आधिकारिक सूचना के अनुसार, स्कूलों में अपार आईडी का क्रियान्वयन छह चरणों में किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, बोर्ड ने सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों में अपार आईडी के निर्माण की निगरानी के लिए एआईएम अर्थात अपार आईडी मॉनिटरिंग नामक एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म भी लॉन्च किया है। इसके अलावा, सीबीएसई ने स्कूलों को किसी भी प्रश्न में सहायता देने के लिए एक टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800-889-3511 भी शुरू किया गया है।




- स्कूलों में छह चरणों में होगा अपार आईडी निर्माण
- छात्रों के डिजिलॉकर अकाउंट से लिंक की जाएगी अपार आईडी

### प्रत्येक जानकारी का सत्यापन

छात्र डेटा सत्यापन के अंतर्गत स्कूल अधिकारी यूडीआईएसई पोर्टल पर छात्र के विवरण जैसे-नाम, जन्म तिथि और आधार संख्या, की सटीकता की पुष्टि करेंगे। स्कूल यूडीआईएसई पोर्टल का उपयोग करके अपार आईडी जनरेट करेंगे, जिसे छात्रों के डिजिलॉकर अकाउंट से सुरक्षित रूप से लिंक किया जाएगा। ऐसा होने पर अभिभावकों को पुष्टिकरण एसएमएस भेजा जाएगा। इसके बाद स्कूल छात्रों और अभिभावकों को अपार आईडी प्रदान करेंगे। यदि कोई विसंगतियां हैं, तो स्कूल अभिभावकों को सुधार के लिए कॉमन सर्विस सेंटर पर भेजेंगे।

### पालकों से लेनी होगी लिखित सहमति

इस छह चरणों के अंतर्गत सर्वप्रथम स्कूलों को एपीएएआर आईडी शुरू करने के लिए पीटीएम का आयोजन करना होगा, जिसमें वे अभिभावकों और छात्रों को इसके महत्व और लाभ के बारे में बताएंगे। स्कूलों को अभिभावकों को फिजिकल सहमति फॉर्म वितरित करने होंगे। अभिभावकों को इन फॉर्म पर हस्ताक्षर करने होंगे और अपार आईडी बनाने के लिए आधार विवरण का उपयोग करने के लिए अधिकृत करना होगा। गौरतलब है कि अपार आईडी एक 12 अंकीय पहचान संख्या है, जो प्रत्येक छात्र को प्रदान की जाएगी। इस अंक से विद्यार्थी के शैक्षणिक रिकॉर्ड की जानकारी सहजता के साथ जुटाई जा सकेगी।

**आम सूचना**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मोवक्किल पक्षकार क्रेता-श्रीमती सुनीता प्रजापति, उम्र 42 वर्ष, पति- मिथलेश प्रजापति साकिन पता-ठाकुर प्यारेलाल वार्ड, मंगल बाजार, तहसील एवं जिला-रायपुर (छत्तीसगढ़) के द्वारा विक्रेता- अविनाश कुमार नायक आयु 38 वर्ष वल्द- महेश कुमार नायक, साकिन-पताः-एम-7 ई 307, आस्था अपार्टमेन्ट, कचना रोड, आनंदम वर्ल्ड सिटी, तहसील व जिला-रायपुर (छत्तीसगढ़) से उनके हक, स्वामित्व एवं आधिपत्य की आवासीय व्यपरिवर्तित भूमि वाके मौजा-छछानपैरी, पटवारी हल्का नं.03, राजस्व निरीक्षम मंडल केन्द्री ,तहसील-अभनपुर, जिला-रायपुर (छत्तीसगढ़) में स्थित है, जिसका प्लॉट नं.56 खसरा नं. 15000/300, रकबा 1348 वर्गफीट भूमि को क्रेतापक्ष ने पक्का सौदा किमती रु. 800/-प्रति वर्गफीट की दर से कुल चुक्ता रकम रु. 10,78,400/- में तय किया गया है। उक्त संबंध में कुल बयाना राशि दि. 24/11/2024 को रुपये 11,000/- तथा दि.11/12/2024 को रु. 40,000/-कुल नगदी बयाना रुपये 51,000/- तथा इसके अतिरिक्त एडवांश रकम चेक के माध्यम से विक्रेतापक्ष-अविनाश कुमार नायक के पक्ष में दिनांकित 18/01/2025 को चेक नं. 028791 युनियन बैंक -लिलीचौक ब्रांच, रायपुर, रकम रु.1,00,000/- विक्रेता पक्ष को प्रदान कर चुका है। इस प्रकार कुल बयाना बतौर राशि 1,51,000/-प्रदान किया जा चुका है। जिस संबंध में विक्रय-इकरारनामा-विलेख स्थान-रायपुर (छ.ग.) में विधिवत निष्पादित किया गया है। शेष बचे हुए प्रतिफल की बकाया राशि रजिस्ट्री (पंजीयन) के समय प्रदान किया जावेगा। विलेख में टीप- विक्रयशुदा भूमि आज दिनांक तक विक्रेतापक्ष द्वारा पूर्णरुपेण भारमुक्त एवं पाक-साफ होने का अभिवचन विलेख के माध्यम से की गई है। विक्रय-विलेख का पंजीयन निशपादन शेष है। उपरोक्त संपत्ति/भूमि की खरीद-विक्रय (संव्यवहार) से किसी भी व्यक्ति, आम जनता, संस्था, कार्यालय,बैंक, साहुकार, शासकीय अर्धशासकीय विभाग, वित्तिय निकाय संस्थान इत्यादि को कोई आपत्ति विरुद्ध हक, उजर या दावा और अन्यथा कब्जा या किसी प्रकार से उक्त संपत्ति/भूमि में अधिकार बावत कुछ कहना है तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 7 दिवस के अंदर निम्न पते पर उपस्थित होकर अपना पक्षमय सुसंगत दस्तावेजों सहित लिखित में रखकर, पावती ले लेवें। अन्यथा म्याद गुजरने के पश्चात किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति शुन्य, झुठा व गैरकानूनी मानी जावेगी तथा किसी भी प्रकार की आपत्ति से उत्पन्न वाद-विवादों से होने वाले हानि/परेशानियों के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। पश्चातवर्ती कथन को लेकर मेरे पक्षकारगण की कोई जवाबदारी नहीं रहेगी तथा पक्षकारगण उक्त भूमि की पंजीयन/रजिस्ट्री करवाने हेत स्वतंत्र हो जावेंगे। सो सूचना जाने, वक्त जरुरत पर काम आवे।

स्थान-रायपुर (छ.ग.) दिनांक 27/01/2025

भवदीय- एस.के. प्रजापति (एड्वोकेट)
बार कक्ष क्रमांकः 106, जिला एवं सत्र न्यायालय-रायपुर (छ.ग.)
मोः 94255-11146, 9893706844 (मिथलेश)

**न्यायालय श्रीमान सहायक पंजीयक सहकारी संस्था मुंगेली छ.ग.**
(समंस आदेश 5 नियम 20 व्य.प्र.संहिता)
:: समंस ::
डोलेश्वर प्रसाद ...आवेदक
प्रति,
बंशी साहू वगैरह ......अनावेदकगण
प्रकरण क्रमांक 01/2023
पेशी तारिख - 14/02/2025
प्रोसेस क्रमांक 01
बनाम
अनावेदक क्र.4 सुनील चंद्रवंशी, प्रभारी ऋण शाखा जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित बैंक बिलासपुर कार्यालय नेहरू चौंक बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.
अनावेदक क्र.5 एन के शर्मा (पूर्व रिटायर अधिकारी) ऋण शाखा प्रमुख, जिला सहकारी केन्द्रीय मर्यादित बैंक बिलासपुर कार्यालय नेहरू चौंक बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.
अनावेदक क्र.6 अनूप अग्रवाल शाखा प्रबंधक अपेक्स बैंक रायपुर कार्यालय पण्डरी रायपुर जिला रायपुर छ.ग.

आपको इस न्यायालय में लंबित प्रकरण क्रमांक 01/2023 पक्षकार डोलेश्वर विरूद्ध बंशी साहू वगैरह पेशी दिनांक 07/01/2025 को उपस्थिति हेतु लंबित है। जिसमें आपको प्रकाशन समंस द्वारा सूचित किया जाता है कि आप लोग पेशी दिनांक 14/02/2025 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रकरण में अपना पक्ष प्रस्तुत करें या किसी वकील के मार्फत जिसे मुकदमें का पूरा हाल मुकाम हो जो प्रकरण के सभी प्रश्नों का उत्तर दे सके उपस्थित रहे नहीं तो प्रकरण की सुनवाई आपकी गैरहाजरी में सुनवाई होकर फैसला किया जावेगा। यदि किसी कारण अवकाश हो जाता है तो या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर होते तो अगली कार्यदिवस को सुनवाई की जावेगी।

इस अदालत की मोहर से आज तारीख 07/01/2025 को जारी किया गया।
जारी तारीख - 07/01/2025
स्थान - मुंगेली
(हितेश कुमार श्रीवास)
रजिस्ट्रार सहकारी सेवा संस्था मुंगेली
जिला-मुंगेली (छ.ग.)

**उद्घोषणा**
क्रमांक 1083/आर.सी./रा.वि.प्रा/2025
रायपुर, दिनांक 27/01/2025

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक 04 (कौशल्या माता विहार) योजनांतर्गत श्रीमती डिम्पल मेहता पति श्री नयन मेहता को पुर्नगठित विकसित भूखण्ड क्रमांक ए-40 रकबा 86.250 वर्गमीटर सेक्टर 10 में आबंटित है। क्रेता श्रीमती मेनका सिन्हा पति श्री हेमंत कुमार सिन्हा निवासी-मकान नंबर 55/2, आर.डी.ए. रोड़, धोबी समाज सामुदायिक भवन के सामने, झण्डा चौक, बोरियाखुर्द, रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा उक्त भूखण्ड को 17/09/2024 पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय कर उक्त भूखण्ड पर नाम दर्ज करने का निवेदन किया है।

उक्त भूखण्ड का नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नाम दर्ज की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर छ.ग.**
**ईश्तहार**
क्रमांक/Q/ बी 121 / 2024-2025
रायपुर, दिनांक 21/01/2025
ग्राम सेरीखेडी प.ह.नं.
तहसील रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदिका/ आवेदक श्री रामेश्वर डहरिया पिता/पति स्व. श्री सुखीराम डहरिया द्वारा इस न्यायालय मृत्यु प्रमाण-पत्र बाबत आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है, आवेदक के माता स्व. श्रीमती धनियाबाई पति- स्व. श्री सुखीराम डहरिया की मृत्यु दिनांक 20.05.1980 को घर पर में हो चुकी है। उनके मृत्यु उपरांत आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत मृत्यु प्रमाण-पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा / आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 04.02.2025 तक स्वतः या अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा /आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर
तहसीलदार
रायपुर (छ.ग.)

Health Town

K'sagar's
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
- बस्ति
- उत्तर बस्ति
- जानु बस्ति
इत्यादि।

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
# रायपुर भूमि



# मेयर के लिए मीनल-दीप्ति सहित 6 प्रत्याशियों ने खरीदा नामांकन फार्म, अब तक 14 ने किया दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के महापौर पद के लिए भाजपा और कांग्रेस ने अपने-अपने उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। भाजपा से नगर निगम की पूर्व नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे और कांग्रेस से निगम के पूर्व सभापति प्रमोद दुबे की पत्नी दीप्ति दुबे को महापौर प्रत्याशी के रूप में उतारा है। दोनों प्रत्याशियों ने सोमवार को नामांकन फार्म खरीदा है, जिसे कल

- अपने-अपने समर्थकों के साथ जुलूस के रूप में पहुंचेंगे नामांकन जमा करने

अपने-अपने पार्टी के पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों के साथ जुलूस के रूप में नामांकन जमा करने पहुंचेंगे। महापौर पद के लिए अब तक 14 प्रत्याशी नामांकन दाखिल कर चुके हैं, वहीं पार्षद के लिए 134 प्रत्याशियों ने नामांकन जमा किए हैं।

### मेयर के लिए 6 और 157 पार्षद के लिए बिके फार्म

नामांकन दाखिल करने का 28 जनवरी को अंतिम दिन है। नामांकन जमा करने के एक दिन पहले महापौर पद के लिए 6 और पार्षद पद के लिए 157 फार्म बिके हैं। नामांकन फार्म लेने और जमा करने का एक दिन शेष होने के कारण सोमवार को नामांकन दाखिल करने और फार्म लेने वालों की कलेक्टोरेट में कतारें लगी रहीं। सुबह 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक महापौर के लिए 7 नामांकन दाखिल किए गए हैं, जबकि पार्षद पद के लिए 109 नामांकन जमा किए गए हैं। इस तरह महापौर के लिए अब तक 14 एवं पार्षद के लिए 134 नामांकन दाखिल किए जा चुके हैं।



### 8 वार्डों से अब तक एक भी नामांकन जमा नहीं

नगर निगम रायपुर में कुल 70 वार्ड हैं। इन सभी वार्डों से पार्षद पद के लिए भाजपा-कांग्रेस सहित अन्य दलों के साथ निर्दलीय प्रत्याशी नामांकन फार्म खरीद चुके हैं। इन 70 वार्डों में से अब तक 56 वार्डों से जीत का दावेदारी करने वाले विभिन्न दलों के साथ निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन जमा किया है, लेकिन इनमें 8 वार्ड ऐसे भी हैं, जहां से एक भी प्रत्याशी ने नामांकन जमा नहीं किया है।



### नामांकन के अंतिम दिन दिनभर रहेगी गहमागहमी

नामांकन का आज अंतिम दिन है। इस दिन भाजपा-कांग्रेस सहित अन्य दलों से महापौर और पार्षद पद के खड़े होने वाले सभी प्रत्याशी नामांकन दाखिल करने पहुचेंगे। महापौर पद के लिए भाजपा और कांग्रेस खड़ी मीनल चौबे और दीप्ति दुबे जुलूस के रूप में नामांकन दाखिल करने पहुंचेंगी। मीनल चौबे के नामांकन जुलूस में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, सुनील सोनी, भाजपा जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकु सहित संगठन के कई पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहेंगे। इसी प्रकार कांग्रेस प्रत्याशी दीप्ति दुबे के नामांकन जुलूस में पार्टी के पदाधिकारियों के साथ पूर्व विधायक सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे। महापौर के साथ पार्षद प्रत्याशी भी थोक में नामांकन जमा करने पहुंचेंगे। इस तरह दिनभर कलेक्टोरेट में गहमागहमी का माहौल रहेगा।

## खबर संक्षेप



### महिला के घर से छह सौ पौवा देशी शराब जब्त

**रायपुर।** मंदिर हसौद पुलिस ने एक महिला के घर पर छापा मारकर बोरी में भरकर रखे गए 60 हजार रुपए से ज्यादा कीमत की देशी शराब जब्त की है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सेरीखेड़ी निवासी रानी मनहरे नाम की महिला के घर छापा मारकर शराब जब्त की है। महिला ड्राइ डे के दिन ज्यादा कीमत पर शराब खपाने की फिराक में थी।

### बार बंद होने के बाद बीयर मांगा, नहीं देने पर मारपीट

**रायपुर।** आमानाका थाना में एक बार कर्मी ने एक युवक के खिलाफ बार बंद होने के बाद बीयर की मांग पूरी नहीं करने पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बार कर्मी धीरज सिंह ने चंदन गौतम के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। धीरज ने पुलिस को बताया है कि शनिवार-रविवार की दरमियानी रात बार बंद होने के बाद चंदन ने बीयर देने की मांग की। इनकार करने पर चंदन ने धीरज के साथ मारपीट कर उस पर पत्थर से हमला कर दिया।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

**रायपुर।** तेलीबांधा, फुंडहर चौक एयरपोर्ट जाने वाले मार्ग पर अज्ञात वाहन के चपेट में आने से एक युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना रविवार दोपहर 12.20 बजे की है। अज्ञात वाहन के चपेट में आने से संजय निर्मलकर की मौत हुई है। संजय का एक दोस्त घायल हुआ है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक संजय अपने एक अन्य साथी के साथ बाइक से एयरपोर्ट जा रहा था। इस दौरान अज्ञात वाहन ने उन्हें ठोकर मार दी। सिर पर गंभीर चोट लगने की वजह से संजय की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

### ईवेंट मैनेजमेंट ऑफिस में 90 हजार की चोरी

**रायपुर।** टिकरापारा थाना में एक ईवेंट मैनेजमेंट के संचालक ने अज्ञात के खिलाफ अपने ऑफिस से 90 हजार रुपए कीमत की एलईडी टीवी, लैपटॉप सहित अन्य सामान चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। ईवेंट मैनजमेंट का काम करने वाले विजय शर्मा ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। विजय ने पुलिस को बताया है कि कमल विहार सेक्टर-8 में उसका कार्यालय है। अज्ञात चोर ने शनिवार-रविवार की दरमियानी रात चोरी की है।

### कंपनियों का स्टॉक सीमित, कीमत भी ज्यादा इसलिए डिमांड कम

# हजार किलो पनीर का उत्पादन, शादियों में खपत 8000 किलो, यहीं खपाया जा रहा नकली माल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

विभिन्न कंपनियों और स्थानीय डेयरियों के जरिए रायपुर जिले में प्रतिदिन लगभग एक हजार किलो पनीर का उत्पादन होता है। सामान्य दिनों में इससे काम चल जाता है, मगर शादियों के सीजन में इसकी खपत करीब आठ हजार किलो तक पहुंच जाती है, जिसकी आपूर्ति दूसरे राज्यों से आने वाले पनीर पर निर्भर होती है, जिसमें मिलावटी होने की आशंका भी है।

महीनेभर में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने मिलावटी पनीर के तीन बड़े मामले पकड़े हैं। इसके बाद पनीर से बने खाद्य पदार्थों का उपयोग करने वाले भी डरे सहमे हैं। हरिभूमि ने रायपुर जिले में पनीर के उत्पादन और उसकी खपत के बारे में अध्ययन किया, तो तथ्य सामने आया है कि शादियों सहित बड़े समारोह, होटल, रेस्टोरेंट और ढाबों में खपने वाला अस्सी फीसदी पनीर दूसरे राज्यों का होता है। राज्य में चार बड़ी कंपनियां और दर्जनभर डेयरियों द्वारा रोजाना एक हजार किलो पनीर बनाया जाता है। सामान्य दिनों में इतनी मात्रा से काम चल जाता है, मगर वैवाहिक सीजन सहित होने वाले अन्य बड़े आयोजनों के दौरान इसकी खपत आठ हजार किलो तक पहुंच जाती है। मांग पूरी करने के लिए मध्यप्रदेश के साथ महाराष्ट्र सहित कुछ अन्य राज्यों का सहारा लिया जाता है और ज्यादा जरूरतों को देखते हुए उसके निर्माण के मानकों को नजर अंदाज कर मिलावट करने की आशंका बढ़ जाती है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन से जुड़े अधिकारियों का तर्क है कि पनीर के साथ अन्य डेयरी प्रोडक्ट अथवा खाद्य पदार्थ के उत्पादन का लेखा-जोखा नहीं रखा जा सकता। मिलावट होने की आशंका अथवा बाहर से आने वाली बड़ी खेप जैसी सूचना पर कार्रवाई करते हुए सैंपल लिया जा सकता है।

हरिभूमि सरोकार

### मध्यप्रदेश के साथ महाराष्ट्र से होती है पनीर की बड़ी सप्लाई

4600 किलो पनीर जब्त, छापेमारी में गए अफसर घूस लेते कैमरे में कैद

खाद्य एवं औषधि प्रशासन टीम की बस स्टैण्ड और रेलवे स्टेशन पर सुबह छापेमारी



दो दिन में पकड़ा गया 6500 किलो नकली पनीर, कार्रवाई के लिए सप्ताहभर का इंतजार



दूध पावडर से पनीर बनाने वाला पानी निकला बेहद खतरनाक, टीडीएस तीन गुना ज्यादा



#### पकड़े गए मामले

- 30 दिसंबर को बिरगांव की फैक्ट्री में छापेमारी, 2500 किलो पनीर बरामद
- 31 दिसंबर को निमोरा की फैक्ट्री में कार्रवाई, 4000 किलो पनीर जब्त
- 20 जनवरी को बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन में संदेह पर 4600 किलो पनीर पर कार्रवाई

#### किसकी कितनी खपत (औसतन)

| | |
|---|---|
| देवभोग का पनीर प्रतिदिन | 200 किलो |
| अमूल का पनीर रोजाना | 200 किलो |
| वचन का पनीर प्रतिदिन | 180 किलो |
| गाया का पनीर रोजाना | 250 किलो |

इसके अलावा लोकल स्तर पर भी डेयरियों में डेढ़ से दो सौ किलो पनीर बनाया जाता है।

### मिल्क पावडर और पाम ऑयल का उपयोग

पनीर बनाने के लिए दूध का उपयोग किया जाता है। नीबू का रस, साइट्रिक एसिड का उपयोग कर दूध का रूप परिवर्तित किया जाता है। दूध की सप्लाई सीमित होने और कम लागत में ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए मिल्क पावडर से पनीर बनाया जाता है और इसमें चिकनाहट की मात्रा बढ़ाने और नरम बनाने पाम ऑयल अथवा वनस्पति घी का उपयोग किया जाता है।

### लोकल पनीर सस्ता कंपनी का महंगा

कंपनियों द्वारा बनाया जाने वाले पनीर की कीमत 400 सौ रुपए किलो होती है, जबकि लोकल डेयरी में यह 270 से 300 रुपए किलो में आसानी से मिल जाता है। बड़े आयोजन अथवा होटल, रेस्टोरेंट सहित अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठानों में इसकी खपत ज्यादा होती है, इसलिए सस्ता पनीर खरीदने में दिलचस्पी दिखाई जाती है, जिसमें मिलावट होने की आशंका अधिक होती है।

# ऑल इंडिया कोटे की खातिर राज्य की सीट छोड़ी पंजीयन राशि होगी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

ऑल इंडिया कोटे से दूसरे राज्यों के मेडिकल कालेजों में एडमिशन लेने वाले मेडिकल पीजी के छात्रों को राज्य कोटे का प्रवेश निरस्त कराना होगा। इसके लिए 29 जनवरी तक ऑनलाइन निरस्तीकरण की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। इसके बाद उनकी पंजीयन राशि जब्त कर ली जाएगी और प्रवेश प्रक्रिया से बाहर कर दिया जाएगा। मॉपअप राउंड में 31 जनवरी से संस्था चयन की प्रक्रिया शुरू होगी।

- 29 जनवरी तक कराना होगा प्रवेश निरस्त, 31 से मॉपअप के लिए संस्था चयन

चि कि त्सा शिक्षा विभाग का नियम है कि जिन छात्रों द्वारा आवटंन के बाद सीटों का त्याग करते हैं, उनकी पंजीयन राशि जब्त कर ली जाती है। एमडी-एमएस के ऑल इंडिया कोटे के तृतीय काउंसिलिंग में राज्य के अनके विद्यार्थियों ने दूसरे राज्यों के मेडिकल कालेज में जाकर एडमिशन लिया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा पिछले दिनों जारी संशोधित मेरिट लिस्ट में ऐसे कई लोगों का नाम था, जिन्होंने अपना प्रवेश पूरा कर लिया है। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा सोमवार को ऐसे छात्रों को सूचना जारी की गई है कि 29 जनवरी तक वे ऑन लाइन प्रक्रिया पूरी कर राज्य कोटे से अपना आवंटन रद्द ▶▶|शेष पेज 15 पर

### 23 फरवरी तक होगा एडमिशन

एमडी-एमएस की सीटों पर एडमिशन की प्रक्रिया 23 फरवरी तक पूरी की जाएगी। मॉपअप राउंड में 30 जनवरी से 3 फरवरी तक संस्था चयन के बाद 5-6 फरवरी को सीट अलॉटमेंट और 7 से 13 फरवरी को एडमिशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। इसके बाद 15 फरवरी से स्ट्रे वैकेसी राउंड की शुरुआत होगी, जिसमें 23 फरवरी को प्रवेश का अंतिम दिन होगा।

### पचास फीसदी सीट ऑल इंडिया की

एमबीबीएस में शासकीय मेडिकल कालेजों की लगभग 15 फीसदी सीट ऑल इंडिया कोटे की होती और 85 फीसदी सीट राज्य कोटे की होती है। वहीं एमडी-एमएस के दौरान शासकीय कालेजों की दोनों कोटे के माध्यम से पचास-पचास प्रतिशत सीट का आवंटन किया जाता है। राज्य के आधा दर्जन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में 155 सीट ऑल इंडिया कोटे की है।

# ट्राइबल स्टडीज एंड इंडियन नॉलेज सिस्टम में स्नातकोत्तर की उपाधि देगा रविवि

## जनजातियों का होगा अध्ययन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंडित रविशंकर शुक्ल विवि अब अपने विद्यार्थियों को जनजाति समूहों का अध्यापन कराएगा। छात्र ना केवल ट्राइबल स्टडी करेंगे, बल्कि उन्हें इसमें स्नातकोत्तर की उपाधि भी इस विषय में प्रदान की जाएगी। जनवरी माह के प्रथम पखवाड़े में हुई कार्यपरिषद की बैठक में इसे मंजूरी दी गई है। रविवि में प्रारंभ किए गए सेंटर फॉर इंडियन नॉलेज सिस्टम के अंतर्गत इस कोर्स का संचालन होगा। एमए इन ट्राइबल स्टडीज एंड इंडियन नॉलेज सिस्टम शीर्षक से प्रारंभ किए जाने वाले इस कोर्स में छात्रों को शैक्षणिक सत्र 2025-26 से दाखिले प्रदान किए जाएंगे। कार्यपरिषद की बैठक में कहा गया है कि आगामी बैठक में इसके पाठ्यक्रम संरचना संबंधित तथ्य पेश किए ▶▶|शेष पेज 15 पर

- जनवरी में हुई कार्यपरिषद की बैठक में मंजूरी, अब तैयार होगा पाठ्यक्रम



### दो डिप्लोमा पाठ्यक्रम भी

सेंटर फॉर इंडियन नॉलेज सिस्टम के अंतर्गत एमए पाठ्यक्रम के अलावा दो डिप्लोमा पाठ्यक्रम भी शुरू होंगे। इसके लिए पहले ही सहमति बन चुकी है। इन डिप्लोमा पाठ्यक्रम में इंट्रोडक्शन टू इंडियन नॉलेज सिस्टम तथा इंडियन नॉलेज सिस्टम : आर्ट्स एंड सोशल साइंस शामिल है। इन दोनों ही पाठ्यक्रम के लिए पहले ही सिलेबस को अंतिम रूप दिया जा चुका है। इनमें भी प्रवेश शैक्षणिक सत्र 2025-26 से दिए जाएंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ये पीजी डिप्लोमा कोर्स होंगे अर्थात स्नातक की उपाधि ले चुके विद्यार्थियों को ही इसमें दाखिला मिलेगा।

### छग का जनजातिय इतिहास और संस्कृति

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत किसी भी विषय के सिलेबस में स्थानीय चीजों को प्राथमिकता के साथ शामिल करने पर जोर दिया गया है। ट्राइबल कल्चर में प्रदेश का इतिहास अन्य राज्यों की तुलना में समृद्ध है। कई संस्कृतियां और रीति-रिवाज यहां प्रचलित हैं। ऐसे में इन्हें भी पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाएगा। अन्य राज्यों की ट्राइबल स्टडीज के साथ छात्र प्रदेश के जनजातिय इतिहास का भी अध्ययन करेंगे।

# गर्मी के साथ होगा फरवरी का स्वागत, चार दिन में तीन डिग्री तक बढ़ेगा पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उत्तर की शुष्क हवा आने के बावजूद अब अच्छी ठंड की वापसी की उम्मीद नहीं के बराबर हो गई है। सुबह के वक्त थोड़ी ठंड बढ़ाने के बाद शुष्क हवा का आना बंद हो गया है, जिससे रात के तापमान में वृद्धि होगी। राज्य का अधिकतम तापमान 33 डिग्री तक पहुंच चुका है, जिसके फरवरी की शुरुआत में तीन डिग्री की बढ़ोतरी के साथ 35-36 तक पहुंचने की उम्मीद है।

देश में उत्तर-पूर्व मानसून भी विदा हो चुका है, जिसकी वजह से अब हवा के ठंडी होने की संभावना बहुत कम हो चुकी है। उत्तर की शुष्क हवा में भी ठंडकता की कमी होने लगी है। राज्य में धीरे-धीरे गर्मी अपना असर दिखाना शुरू कर रही है। ठंडकता का अहसास सुबह के वक्त हो रहा है, मगर दिन चढ़ने के बाद गर्मी महसूस हो रही है। घरों-दफ्तरों में अब कूलर-पंखों का उपयोग शुरू हो गया है। राज्य का अधिकतम तापमान ▶▶|शेष पेज 15 पर

### प्रदेश का तापमान

| शहर | अधि. | न्यू. |
|---|---|---|
| रायपुर | 31.0 | 16.2 |
| बिलासपुर | 29.8 | 14.2 |
| पेंड्रा | 25.7 | 7.8 |
| अंबिकापुर | 26.0 | 5.3 |
| जगदलपुर | 31.0 | 14.0 |
| दुर्ग | 33.4 | 15.2 |

- शुष्क हवा का आना बंद हुआ, 35 के पार होगा राज्य का तापमान

फर्जी अकाउंट खोलने में संलिप्तता पाए जाने पर साइबर पुलिस ने की कार्रवाई

# म्यूल बैंक अकाउंट मामले में फाइनेंस बैंक के चार अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

म्यूल अकाउंट मामले में रेंज साइबर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए राज्य में पहली बार चार बैंक अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की है। आईजी अमरेश मिश्रा के निर्देश पर रेंज साइबर पुलिस ने सिविल लाइंस स्थित उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक शाखा के चार एग्जिक्यूटिव सेल्स मैनेजर तथा सेल्स एग्जिक्यूटिव को गिरफ्तार किया है। मामले की जांच के बाद म्यूल अकाउंट खोलने में अन्य बैंक कर्मियों की संलप्तता पाए जाने पर साइबर पुलिस ने कार्रवाई करने की बात की है।

म्यूल अकाउंट खोलने में मदद करने के आरोप में साइबर पुलिस ने टिकरापारा निवासी शुभम सिंह ठाकुर, आरंग निवासी हिमांशु शर्मा, शंकर नगर निवासी सुमित दीक्षित तथा प्रोफेसर कालोनी निवासी अनुपम शुक्ला को गिरफ्तार किया है। इन चारों पर आरोप है कि अकाउंट खोलने के समय ड्यू डीलीजेंस केवाईसी नॉर्म्स का पालन नहीं किया। इन चारों पर म्यूल अकाउंट खोलने में मदद करने ब्रोकरों से पैसे लेने के आरोप हैं।




### यह है ड्यू डिलिजेंस

बैंक में कोई भी ग्राहक नकदी के साथ ऑनलाइन के माध्यम से मोटी रकम ट्रांजेक्शन करने के साथ निकालने का काम करता है। ऐसी स्थिति में बैंक प्रबंधन को पैसों के स्रोत और लेनदेन के कारण को समझने के लिए सीडीडी का पालन करना पड़ता है। इससे बैंक को किसी भी असामान्य या संदिग्ध गतिविधियों की पहचान करने में मदद मिलती है, जिसके लिए आगे की जांच की आवश्यकता हो सकती है। उपयोग किए जाने वाले आईटी ड्यू डिलिजेंस ढांचे में सात प्राथमिक डोमेन (केंद्र) और चार सहायक डोमेन (पक्ष) शामिल हैं।

### पूर्व में 68 लोगों की हो चुकी है गिरफ्तारी

म्यूल अकाउंट मामले में साइबर पुलिस ने पूर्व में 68 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों के साथ बैंक अफसरों से पूछताछ के बाद पुलिस ने चार बैंक अफसरों को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व में महादेव सट्टा एप सहित अन्य ठगी की रकम लेन-देन के लिए खोले गए बैंक अकाउंट में बैंक कर्मी तथा अफसरों पर कार्रवाई नहीं होने से रायपुर के अलग-अलग बैंकों में म्यूल अकाउंट थोक में खोले गए हैं। बैंक अफसरों के खिलाफ कार्रवाई होने से म्यूल अकाउंट पर रोक लगेगी।

# मरीन ड्राइव में चलाया अभियान, 20 से अधिक स्थानों से हटाए अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में आम जनता को सुगम आवागमन उपलब्ध कराने टीम प्रहरी अभियान चला रही है। सोमवार को राजधानी के तेलीबांधा तालाब के आसपास नगर निगम, जिला प्रशासन और यातायात पुलिस विभाग की ओर से मुख्य मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराया गया।



इसी तरह शहर के 20 से अधिक स्थानों पर संयुक्त टीम ने यातायात में बाधक बन रहे ठेले, गुमटियों को व्यवस्थित करने कार्यवाही की।

नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव सिंह के आदेश व नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उम्मेद सिंह के निर्देश पर संयुक्त टीम ने शहर के ▶▶|शेष पेज 15 पर

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➔ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➔ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➔ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

## तालाब को खा गई जलकुंभी, कॉलोनियों में भी नाली नहीं, मच्छर-कचरे का अंबार

# डा.आंबेडकर वार्ड में दो विधान कालोनियों में काम, बस्तियां हलाकान

**वार्ड नंबर 11**
**डॉ.भीमराव आंबेडकर वार्ड**

| | |
|---|---|
| वार्ड क्रमांक | - 11 |
| परिसीमन क्षेत्र | - दुबे कॉलोनी, फोकटपारा, मोवा |
| मतदाता संख्या | - 12412 |
| पुरूष मतदाता | - 6352 |
| महिला मतदाता | - 6060 |




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

परिसीमन के बाद कई वार्ड क्षेत्रों में वृद्धि और कमी हुई है तो कई वार्ड क्रमांक में भी परिवर्तन हुआ है। इनमें से एक है- डॉ.भीमराव आंबेडकर वार्ड। 2019 के नगर निगम चुनाव के दौरान यह वार्ड क्रमांक-9 के अंतर्गत सूचीबद्ध था। अब इसकी क्रमांक संख्या में परिवर्तन हो गया है। डॉ.भीमराव आंबेडकर वार्ड के रहवासी अब वार्ड क्रमांक-11 के अंतर्गत अपना मत प्रयोग करेंगे। इस वार्ड के अंतर्गत दुबे कॉलोनी जैसे रिहायशी क्षेत्र आते हैं तो सफाई के लिए तरस रहा फोकटपारा भी इसका हिस्सा है। स्वामी आत्मानंद विद्यालय सहित मोवा क्षेत्र का एक बड़ा हिस्सा भी वार्ड क्रमांक-11 में आता है।



### एक ही वार्ड में दो अलग-अलग तस्वीर देखने को मिली

हरिभूमि की टीम जब यहां जनता की समस्या जानने के लिए पहुंची तो एक ही वार्ड में दो अलग-अलग तस्वीर देखने को मिली। वार्ड के अंतर्गत आने वाला दुबे कॉलोनी के रहवासियों ने कहा कि उन्हें कोई विशेष समस्या नहीं है। सालभर पहले तक कुछ चौक-चौराहों में कॉलोनी के खाली पड़े मैदान में अड्डेबाजी होती थी। नशेड़ियों का भी कब्जा होने लगा था, लेकिन इस पर चलाए गए अभियान के बाद उन्हें किसी तरह की परेशानी वर्तमान में नहीं है। दूसरी तरफ, फोकटपारा और मोवा में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है।





### गार्डन की कमी

दुबे कॉलोनी के रहवासी और एक दुकान संचालक मनीष निर्मलकर का कहना है कि विशेष समस्या इस क्षेत्र में नहीं है, लेकिन एक भी गार्डन का ना होना उन्हें अखरता है। वीकेंड पर या छुट्टियों के दिनों में यदि घूमने की प्लानिंग हो तो उन्हें दूसरे क्षेत्र के गार्डन जाना पड़ता है। बच्चों के खेलने के लिए कोई विशेष स्थान भी नहीं है। नए पार्षद से हमारी यही मांग है कि क्षेत्र में उद्यान निर्माण करा दें। वहीं आशीष ध्रुव बताते हैं कि पहले की तुलना में यहां स्थिति सुधरी है। कॉलोनी क्षेत्र में दिक्कत नहीं है, लेकिन बस्ती के लोगों को सफाई, मच्छर, नाली जैसे समस्याओं से अब भी गुजरना पड़ता है।

### चुनावी गणित में व्यस्त पार्षद प्रत्याशी

इस वार्ड की वर्तमान पार्षद द्रोपती हेमंत पटेल हैं। वे निगम में एमआईसी मेंबर भी हैं। इस वार्ड में किसी पार्टी विशेष के वर्चस्व वाली स्थिति कभी भी नहीं रही है। राज्य निर्माण के बाद जब यहां प्रथम निगम चुनाव हुए तो कांग्रेस के श्री साहू ने जीत दर्ज की। इसके बाद बीजेपी के बबला धीवर को जनता ने चुना। सीट के महिला आरक्षित होने पश्चात इसके बाद के चुनाव में सुशिला ने जीत दर्ज की थी। वर्तमान पार्षद सहित पार्षद प्रत्याशी भी क्षेत्र में प्रचार करने के स्थान पर चुनावी गणित में व्यवस्त नजर आए।



### पहले तालाब में होती थी निस्तारी



आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गणेशी धीवर बताती हैं कि फोकटपारा के तालाब में पहले निस्तारी के लिए जाया करते थे। गर्मी के दिनों में कपड़ा धोने से लेकर अन्य कार्य भी किया करते थे। धीरे-धीरे जलकुंभी ने तालाब में अपना साम्राज्य विस्तार कर लिया। यहां पानी दिखाई ही नहीं देता है। पास जाने पर मैदान ही नजर आता है। तालाब के तटीय क्षेत्रों में घास इतने घने हो गए हैं कि बच्चे उस पर खेलने भी लगते हैं। घरों से कचरा ले जाने की व्यवस्था हालांकि पिछले कुछ वर्षों में सुधरी है।

## पिछले 6 साल से अटका है स्कूल की बाउंड्रीवाल का काम

# गर्मी में फिर टैंकर के भरोसे रहेगा चूनाभट्ठी का इलाका, सफाई व्यवस्था भी ठप

**वार्ड नंबर 14**
**रमन मंदिर वार्ड**



### सफाई व्यवस्था ठप

*चूनाभट्ठी इलाके के दूसरे मोहल्ले में रहने वाली पद्मा मुदियार ने बताया कि उसके मोहल्ले में एकमात्र कुआं है। इसी कुएं से लोग हर दिन पानी भरते हैं। इस कुंए के पास से गुजरी नाली की पिछले डेढ़-दो महीने से सफाई नहीं की गई है। इस कारण नाली जाम पड़ी हुई है, जिससे उठ रही तेज बदबू से पानी भरने आने वालों के साथ आसपास रहने वाले लोग परेशान हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर का रमन मंदिर वार्ड क्रमांक-14 में अभी भी कई समस्याएं बनी हुई हैं। कई समस्या तो सालों पुरानी हैं। इस वार्ड अंतर्गत आने वाले चूनाभट्ठी इलाके में गर्मी के सीजन में पानी की समस्या सालों पुरानी है। मार्च से लेकर जून तक यह इलाका पानी टैंकरों के भरोसे रहता है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए अमृत मिशन योजना के तहत घर-घर नल कनेक्शन दिया गया है, लेकिन यह कनेक्शन अब तक शुरू नहीं हो पाया है, जिसके कारण इस बार भी इस इलाके के रहवासी पेयजल के लिए टैंकरों के भरोसे ही रहेंगे। वार्ड में शासकीय प्राथमिक स्कूल है। इस स्कूल की बाउंड्रीवाल का काम पिछले 6 साल से अटका हुआ है, जिसके कारण यहां पढ़ने वाले बच्चों के खेलकूद के लिए सुरक्षित स्पेस नहीं मिल पा रहा है। यही नहीं, वार्ड के कई इलाकों में नियमित सफाई नहीं होने से जाम पड़ी नाली-नाले भी बजबजा रहे हैं, जिसके कारण लोग बदबू और मच्छरों के प्रकोप से परेशान हैं। हरिभूमि की टीम सोमवार को रमन मंदिर वार्ड 14 पहुंची। इस दौरान वार्ड अंतर्गत चूनाभट्ठी, लोधीपारा, कुम्हारपारा सहित कई मोहल्ले का भ्रमण करते हुए वहां के स्थानीय लोगों से बातचीत करते हुए उनसे वार्ड में पिछले 5 वर्ष के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों के साथ अब तक व्याप्त समस्याओं की जानकारी ली। पड़ताल में वार्ड के कुछेक मोहल्ले को छोड़कर अन्य सभी मोहल्लों में सफाई व्यवस्था की स्थिति खराब मिली।



### गर्मी में फिर पानी टैंकर बनेगा सहारा

*चूनाभट्टी निवासी जमुना सिन्हा ने बताया कि यह उनके मोहल्ले की सबसे बड़ी समस्या पानी की है। गर्मी के सीजन में पानी की किल्लत हो जाती है, जिसके कारण तीन से चार महीने तक उनका मोहल्ला पानी टैंकरों के भरोसे ही रहता है। पानी की समस्या दूर करने के लिए अमृत मिशन योजना के तहत घर-घर नल कनेक्शन लगाए गए हैं, लेकिन यह अभी चालू नहीं किए गए हैं। गर्मी का सीजन शुरू होने वाला है। मार्च से फिर उनके मोहल्ले में पानी की किल्लत शुरू हो जाएगी।*

### स्कूल की बाउंड्रीवाल नहीं बनने से बच्चे परेशान



वार्ड में शासकीय प्राथमिक स्कूल संचालित है। इस स्कूल की प्रधान पाठक लक्ष्मी डोंगरे ने बताया कि पिछले 6 साल से बच्चों के खेलकूद और उनकी सुरक्षा को देखते हुए स्कूल की बाउंड्रीवाल कराने के लिए आवेदन दिया था। इस आवेदन पर वर्ष 2022 में 10 लाख 48 हजार रुपए की स्वीकृति भी मिली थी, लेकिन मोहल्ले के कुछ लोगों के विरोध के कारण बाउंड्रीवाल काम शुरू होने से पहले ही रोक दिया गया। प्रधान पाठक ने बताया कि बाउंड्रीवाल नहीं होने से बच्चों के लिए खेलने के लिए जगह को लोगों ने अवैध पार्किंग का अड्डा बना लिया है, वहीं बालक और बालिका के लिए बनाए गए शौचालय का आम लोग उपयोग करते-रहते हैं, जिससे बच्चे खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं। बच्चों की सुरक्षा और खेलकूद की दृष्टि से स्कूल में बाउंड्रीवाल करना बहुत जरूरी है।

## रायपुर निगम के लिए भाजपा ने किया पार्षद प्रत्याशियों का ऐलान

रायपुर। राजधानी रायपुर के नगर निगम 70 वार्डों के लिए पार्षद प्रत्याशियों के नामों को लेकर शनिवार रात को भी कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में संभागीय समिति ने लंबा मंथन किया। इसके बाद भी देर रात तक नामों का ऐलान नहीं किया गया। दूसरे दिन 26 जनवरी को जाकर भाजपा ने प्रत्याशियों का ऐलान किया।

**किस वार्ड में किसको बनाया प्रत्याशी**

| वार्ड | प्रत्याशी |
|---|---|
| 1- वीर सावरकर नगर | - विशाल पांडेय |
| 2- जवाहर लाल नेहरू | - भगतराम हरबंश |
| 3- संत कबीर दास | - मनमोहन मनहरे |
| 4- यतियतन लाल | - नंद कुमार साहू |
| 5- बंजारी माता | - अंबिका साहू |
| 6- वीरांगना अवंती बाई | - खगपति सोनी |
| 7- कुशाभाऊ ठाकरे | - खेमकुमार सेन |
| 8- महात्मा गांधी | - आर्ची साहू |
| 9- मोतीलाल नेहरू | - गोपेश कुमार साहू |
| 10- रानी लक्ष्मी बाई | - देवदत्त द्विवेदी |
| 11- डा. भीमराव आंबेडकर | - मोहन साहू |
| 12- कालीमाता | - साधना साहू |
| 13- राजीव गांधी | - महेंद्र खोडियार |
| 14- रमण मंदिर | - सूर्यकांत राठौर |
| 15- कन्हैया लाल बाजारी | - राजेश देवांगन |
| 16- वीर शिवाजी | - गज्जू साहू |
| 17- ठक्कर बापा | - प्रमिला साहू |
| 18- बालगंगाधर | - सोहन साहू |
| 19- अब्दुल कलाम | -प्रीतम ठाकुर |
| 20- रामकृष्ण परमहंस | - अमन ठाकुर |
| 21- शहीद भगत सिंह | - गायत्री चंद्राकर |
| 22- ईश्वरी चरण शुक्ल | - मीना ठाकुर |
| 23- मनमोहन बक्षी | - कृष्णा भारती |
| 24- सरदार वल्लभ भाई पटेल | - राधिका साहू |
| 25- संतराम दास | - भोलाराम साहू |
| 26- दानवीर भामाशाह | - श्रीमती रामहीन कुर्रे |
| 27- इंदिरा गांधी | - अवतार सिंह बागल |
| 28- शहीद हेमू कालाणी | - कृतिका जैन |
| 29- गुरु गोविंद सिंह | - कैलाश बेहरा |
| 30- शंकर नगर | - राजेश गुप्ता |
| 31- नेताजी सुभाष चंद्र बोस | - पुष्पा साहू |
| 32- महर्षि वाल्मीकि | - प्रभा विश्वकर्मा |
| 33- शहीद वीर नारायण सिंह | - प्रदीप वर्मा |
| 34- रविशंकर शुक्ल | - ज्ञानचंद चौधरी |
| 35- अब्दुल हमीद | - घनश्याम रक्सेल |
| 36- तात्यापारा | - श्वेता विश्वकर्मा |
| 37- चूड़ामणि नायक | - दीपक जायसवाल |
| 38- आत्मानंद | - आनंद अग्रवाल |
| 39- ठाकुर प्यारेलाल | - सुमन पांडेय |
| 40- दीनदयाल उपाध्याय | - आंशु चंद्रवंशी |
| 41- सुंदर लाल शर्मा | - सरिता दुबे |
| 42- महंत लक्ष्मी नारायण | - अंबर अग्रवाल |
| 43- ब्राह्मणपारा कंकाली पारा | - अजय साहू |
| 44- विवेकानंद नगर सदर बाजार | - मुरली शर्मा |
| 45- अब्दुल रउफ | - प्रीति परताले |
| 46- सिविल लाइन | - संजना हियाल |
| 47- मदर टेरेसा | - संतोष साहू |
| 48- गुरु घासीदास | - महेश ध्रुव |
| 49- रानी दुर्गावती | -अनामिका सिंह |
| 50- विद्याचरण शुक्ल | - गायत्री नौरंगे |
| 51- लाल बहादुर शास्त्री | -उत्तरा सिंह |
| 52- राजेंद्र प्रसाद | - विनय पंकज निर्मलकर |
| 53- बाबू जगजीवन राम | - मनोज जांगड़े |
| 54- सुधीर मुखर्जी | - सुषमा साहू |
| 55- रवींद्रनाथ टैगोर | - विनय प्रताप सिंह |
| 56- अरविंद दीक्षित | - सचिन मेघानी |
| 57- भगवती चरण शुक्ल | - अमर गिदवानी |
| 58- शहीद पंकज विक्रम | - स्वप्निल मिश्रा |
| 59- मोरेश्वर राव गद्रे | - अंजलि गोलछा |
| 60- चंद्रशेखर आजाद | - रमेश सपहा |
| 61- श्यामा प्रसाद मुखर्जी | - रवि सोनकर |
| 62- राजीव पांडेय | - बद्री प्रसाद गुप्ता |
| 63- ब्रिगेडियर उस्मान | - प्रमोद साहू |
| 64- विपिन बिहारी सूर | - मनोज वर्मा |
| 65- महामाया मंदिर | - मंजू यादव |
| 66- वामनराव लाखे | - श्याम सुंदर अग्रवाल |
| 67- भक्त माता कर्मा | - ममता तिवारी |
| 68- डा. खूबचंद बघेल | - दुर्गा साहू |
| 69- माधवराव सप्रे | - महेंद्र औसर |
| 70- संत रविदास | - अर्जुन यादव |

# महापौर प्रत्याशी मीनल और दीप्ति की इच्छा सुंदर शहर, कहा-योजनाबद्ध होगा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

11 फरवरी को महापौर पद के लिए होने जा रहे मतदान में शहरवासी अपनी पसंद के मेयर चुनने वोट डालेंगे। इसमें भाजपा की ओर से नगर निगम के निवृतमान नेता नेता प्रतिपक्ष और 3 बार की पार्षद मीनल चौबे और कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी दीप्ति-प्रमोद दुबे के बीच मुकाबला है। दीप्ति दुबे विवेकानंद उत्कर्ष परिषद का गठन कर सामाजिक कार्यो के माध्यम से जनसेवा से जुड़ी हैं और अब शहर विकास को लेकर सोच है। हरिभूमि ने शहरी सरकार के मुखिया के दावेदार प्रत्याशियों से उनके विजन साझा करने बातचीत की। इसमें उन्होंने शहर विकास को लेकर अपनी मंशा खुलकर बताई। बातचीत का अंश प्रस्तुत है : -

## शहरी सरकार की कमान इस बार महिला के हाथ में

### जनता चाहती है परिवर्तन : मीनल चौबे

*- डेढ़ दशक तक शहरी सत्ता में कांग्रेस के मेयर काबिज रहे अब चौथी बार इस अभेद चक्र को आप कैसे भेद पाएंगी? महापौर प्रत्याशी के रूप में आपने क्या सोचा है?*

इस बार निकाय चुनाव में कांग्रेस पार्टी की प्रत्याशी हमारे लिये कोई चुनौती नहीं है, प्रदेश में जितने भी निकाय हैं, वहां भाजपा बहुमत से निकाय चुनाव जीतेगी। जहां तक रायपुर नगर निगम की बात है, तो पिछले 5 साल में शहर की जो दुर्गति और भ्रष्टाचार तत्कालीन परिषद के समय हुये, उससे जनता वाकिफ है। निकाय चुनाव में इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। मतदाता परिवर्तन चाहते हैं और कांग्रेस पार्टी को इस चुनाव में जड़ से उखाड़ने उत्साहित हैं। 3 बार कांग्रेसी महापौर होने के बाद नगर निगम की ओर से शहर को कोई सौगात नहीं दे पाये। बूढ़ातालाब सौंदर्यीकरण के नाम पर करोड़ों रुपये फूंक दिये गये। जनता इस बात को जानती है।

*- आपने शहर को करीब से देखा है, कौन कौन सी ऐसी समस्या है जो आपको उद्वेलित करती है ?*



**मीनल चौबे**
महापौर प्रत्याशी (भाजपा)

ट्रैफिक जाम यहां की सबसे बड़ी ज्वलंत समस्या है। कहीं 10 मिनट में पहुंचना हो, तो शहर में अतिक्रमण और ट्रैफिक जाम के चलते स्थिति ये रहती है कि गंतव्य तक पहुंचने में आधा घंटा लग जाता है। बारिश में जलभराव और गर्मी के दिनों में पानी की समस्या विरोधाभास है, इसका समाधान आज तक नहीं हो पाया। शहर की झुग्गी बस्ती में रहने वाले अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक कोई सुविधा नहीं है, गंदगी में उन्हें सांस लेना पड़ता है। शहर में मच्छर की समस्या और शत-प्रतिशत घरों में डोर-टू डोर कचरा कलेक्शन नहीं हो पाना, ओपन ड्रेनेज सिस्टम प्रमुख समस्या है, जिसकी पीड़ा सबको है।

*- निगम की राजनीति में आपके मार्गदर्शक या गुरु कौन हैं ?*

डेढ़ दशक से निकाय में काम करने का अनुभव और पार्टी संगठन से जो मार्गदर्शन मिलता रहा, वही मेरे लिये सब कुछ है, जमीनी स्तर पर काम करने में आत्मिक संतुष्टि मिली है। अलग से मार्गदर्शक या गुरु वाली बात नहीं है ।

### सफाई में रायपुर को टॉप टेन में लाने की मंशा : दीप्ति दुबे

*- शहर विकास और आम जनता की बेहतरी को लेकर विजन क्या है?*

रायपुर शहर को देश के टॉप टेन शहर में लाने की इच्छा है। इसके लिए लोगों के बीच जागरूकता कार्यक्रम चलाऊंगी। पीएससी और आईएएस परीक्षा की तैयारी करने वाले बच्चों को हमारी संस्था निःशुल्क कोचिंग उपलब्ध करायेगी। रायपुर आज चाकूपुर बन गया है, जिसमें खासकर महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। शहवासी सुरक्षित रहें, इसके लिए आम आदमी की सुरक्षा पर फोकस करने का इरादा है। राजधानी में पब्लिक ट्रांसपोर्ट के लिए सुगम परिवहन की सुविधा आसानी से मिले, इसके लिए निगम स्तर पर ठोस योजना बनेगी। इसके लिए प्रस्ताव लाएंगे



**दीप्ति दुबे**
महापौर प्रत्याशी (कांग्रेस )

*- पहली बार निकाय चुनाव में एंट्री वो भी महापौर जैसे प्रतिष्ठित पद पर, इस पल को रोमांच के रूप में देखतीं या एक चुनौती है?*

चुनाव को लेकर उत्साहित हूं। राजनीति से परदे के पीछे का काम मैंने किया है। जब बिटिया 4 साल थी, तब जनता के बीच रामकुंड में गई। लोगों के बीच काम किया। पति प्रमोद दुबे महापौर बने, तब लोगों की समस्याएं, सेवा कार्य करती रही। सामाजिक क्षेत्र सेवा का अवसर मिला महिलाओं की समस्या पर काम किया। ब्राम्हणपारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का गढ़ रहा। इसीलिए दिल से पारदर्शी रूप में जनता के साथ जुड़ी रही। रायपुर को ग्रीन सिटी के रूप में देखना चाहती हूं।

## आप ने सर्जन डॉ. शुभांगी तिवारी को बनाया महापौर प्रत्याशी

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ में होने जा रहे नगरीय निकाय चुनाव में आम आदमी पार्टी द्वारा सबसे पहले अपने प्रत्याशियों की घोषणा की गई। भाजपा और कांग्रेस पार्टी द्वारा अपने प्रत्याशियों की घोषणा किए जाने के पूर्व ही आप ने नामों की घोषणा कर दी थी। रायपुर से आम आदमी पार्टी ने युवा एमबीबीएस सर्जन डॉ.शुभांगी तिवारी को महापौर प्रत्याशी के रुप में चयनित किया है। शुभांगी पूर्व पार्षद अंजू चंद्रशेखर तिवारी की पुत्री हैं।



■ पूर्व पार्षद अंजू चंद्रशेखर तिवारी की पुत्री हैं डॉ . शुभांगी

### मुख्य मार्गों को अतिक्रमण मुक्त कराने अभियान

**रायपुर**। नगर निगम, जिला पुलिस प्रशासन और यातायात विभाग द्वारा राजधानी में गुरुवार को आम नागरिकों को सुगम आवागमन उपलब्ध कराने अभियान चलाया गया। मालवीय रोड, बैजनाथपारा, गोलबाजार क्षेत्र के मार्गों में अभियान चलाकर उन्हें अतिक्रमण मुक्त किया। साथ ही शिक्षण संस्थाओं के समीप नशे के सामान के विक्रय पर रोक लगाने हिदायत दी गई। टीम प्रहरी के इस अभियान में नगर निगम रायपुर के नगर निवेशक आभाष मिश्रा, डीएसपी सतीश ठाकुर, सहायक अभियंता नगर निवेश विभाग आशुतोष सिंह की उपस्थिति रही।

### वायु गुणवत्ता सुधार की समीक्षा

रायपुर। क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल, केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड के वैज्ञानिक डॉ. योगेंद्र कुमार सक्सेना ने विगत दिनों राजधानी आकर राष्ट्रीय स्वच्छ वायु गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के अंतर्गत चल रहे कार्यों की जानकारी ली। पंद्रहवें वित्त आयोग मद से किए जा रहे प्रबंधों और नवाचारों से वे अवगत हुए। उन्होंने रायपुर नगर निगम द्वारा शवदाह गृहों में नवाचार के तहत फिल्टर लगाए जाने के प्रोजेक्ट को सराहा। बैठक में अपर आयुक्त कृष्णा खटिक, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर के अधिकारी पीके रबड़े सहित परिवहन, नगर निगम बीरगांव व रायपुर के अधिकारी शामिल हुए। नगर निगम मुख्यालय के नगर निवेश उड़नदस्ता की टीम ने पुरानी बस्ती और लाखेनगर क्षेत्र में भी देर शाम कार्यवाही कर मुख्य मार्गों को अतिक्रमण मुक्त कराया।

## हमारी सरकार मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम कर रही

# डिप्टी सीएम विजय शर्मा बोले- हमारे कार्य ही हमारी जीत के दावे के आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा का कहना है, हमारे काम ही हमारी के जीत के दावे के आधार हैं। प्रदेश में हमारी सरकार बनने के बाद से ही हमारी सरकार अपने किए गए वादों के मुताबिक मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम कर रही है। हम अपनी सरकार के कामों को लेकर जनता के बीच जाएंगे।

एकात्म परिसर में पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री शर्मा ने कहा, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपनों को साकार करते हुए पहले 18 लाख प्रधानमंत्री आवास पर हस्ताक्षर किए, फिर अपने निवास गए। अब हितग्राहियों के मकान बनने प्रारंभ हो गए हैं। उन्होंने कहा के प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में जनमन के तहत विशेष संरक्षित जनजातियो के पूरे देश के लक्ष्य में से 51% सड़कें सिर्फ छत्तीसगढ़ को मिली है। देश में 4781 किलोमीटर की लंबाई के विपरीत सिर्फ छत्तीसगढ़ राज्य में 2449 किलोमीटर लंबाई की सड़क स्वीकृत की गई। उन्होंने कहा, ग्रामीण क्षेत्र में जीवन स्तर ऊंचा उठाने के लिए ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक पहलु , चाहे वह खेती की, किसानी की बात हो, उद्यानिकी की बात हो, सड़क, गाय ,ग्राम पंचायत या ग्रामीण जनजीवन हो भाजपा ने जनहित में उसे प्रभावित किया है। उन्होंने कहा, हमने आदिवासियों का जीवन स्तर ऊपर उठने के लिए 5500 सौ रुपए प्रति मानक बोरा की दर से तेंदूपत्ता की खरीदी की। आज छत्तीसगढ़ का किसान खाने के लिए नहीं, खजाने के लिए खेती कर रहा है। हमने उन्हें बकाया 2 साल का धान का बोनस दिया साथ ही प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल के भाव से धान खरीदी हो रही है। पंचायत चुनाव प्रभारी सौरभ सिंह ने कहा, जनता का भाजपा के प्रति पूर्ण विश्वास है और केंद्र और राज्य की डबल इंजन की सरकार पंचायत व नगरीय निकाय में चार इंजन की सरकार होकर जनता के कल्याण और विकास के कार्य करेगी।



**खबर संक्षेप**

### डॉग शेल्टर केंद्र निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

रायपुर। नगर आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने सोनडोंगरी में निर्माणाधीन श्वान आश्रय केन्द्र के निर्माण कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया। श्वान आश्रय केन्द्र में बीमार एवं दुर्घटनाग्रस्त 60 कुत्तों को रखने और डे केयर सम्बंधित कार्य के तहत 10 श्वानों को एनजीओ के सहयोग से समुचित देखभाल हेतु रखे जाने की व्यवस्था देखी। नगर निगम के इस पहले डॉग शेल्टर में पशु चिकित्सकों के लिए ऑपरेशन थिएटर, चेंबर रूम सहित आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं. आयुक्त ने निर्माण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करवाने के निर्देश जोन कमिश्नर एके हालदार को दिये। इस मौके पर उन्होंने जोन 8 क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर रिक्त एवं वर्तमान में अनुपयोगी पड़ी शासकीय भूमियों का अवलोकन किया । डॉग शेल्टर निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, जोन 8 कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता, सहायक अभियंता सैयद जोहेब उपस्थित रहे।

### कबीरनगर ओवरहेड टैंक सील्ट सफाई

रायपुर। नगर निगम जल कार्य विभाग द्वारा कबीर नगर के 3200 किलोलीटर क्षमता वाले ओवर हेड टैंक की सील्ट सफाई का कार्य करवाया गया । कबीर सोमवार को सुबह की नियमित जलापूर्ति के पश्चात सील्ट सफाई के साथ - साथ केमिकल ट्रीटमेंट, सभी चैंबरों की सफाई एवं पेंटिंग का कार्य किया गया । निगम ने इस कार्य के लिए सतगुरु एजेंसी को ओवर हेड टैंक की सील्ट सफाई के लिए अनुबंधित किया है।

**निधन**

### जसबीर कौर भाटिया

रायपुर। अशोका रतन कैंपस



शंकरनगर निवासी जसबीर कौर भाटिया का 27 जनवरी को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 28 जनवरी को दोपहर 3 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे परविंदर सिंह भाटिया, दविंदर सिंह भाटिया की माता थीं।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले 30 अधिकारी-कर्मचारी हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन अंतर्गत विभिन्न विभागों के 30 अधिकारी और कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रास सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर गौरव सिंह ने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया और गणतंत्र दिवस के साथ उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने इससे पूर्व कलेक्टोरेट गार्डन में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर एडीएम देवेंद्र पटेल, अपर कलेक्टर निधी साहू, कीर्तिमान सिंह राठोर, संयुक्त कलेक्टर अभिलाषा पैकरा, उमाशंकर बंदे, उत्तमप्रसाद रजक, नवीन ठाकुर, मनोज केसरिया सहित सभी विभागों के अधिकारी सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**इनका भी हुआ सम्मान:** कावेरी देवांगन सहायक अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग, कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रायपुर कार्यालय के सहायक ग्रेड-2 शीला बैस, भृत्य सबलराम विश्वकर्मा एवं आदित्य निषाद, जिला कार्यालय वरिष्ठ लिपिक शाखा के सहायक ग्रेड-2 उषा दरवलकर, जिला कोषालय अधिकारी के सहायक कोषालय अधिकारी गोविंद राम बसोने, जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण कार्यालय की डाटाएंट्री ऑपरेटर गायत्री धनेंद्र, रायपुर विकास प्राधिकरण सहायक ग्रेड-2 कमल नारायण शर्मा, जिला पंचायत रायपुर के डाटाएंट्री ऑपरेटर गजेंद्र कुमार भाट, जिला कौशल विकास प्राधिकरण के डाटा एंट्री ऑपरेटर ओंकार सिंग कैम्बो, पशु चिकित्सा सेवाएं उपसंचालक कार्यालय के सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी उर्वशी ध्रुव, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के भृत्य प्रीतम बघेल एवं मनीष ध्रुव, भू-अभिलेख शाखा के चैनमेन सतीष कुमार साहू, उपसंचालक पंचायत के सहायक आंतरिक लेख परीक्षण एवं करारोपण अधिकारी हरवंश कुमार साहू, व्यापार एवं उद्योग केंद्र रायपुर के सहायक ग्रेड-1 सुरेश चंद्रभाश, केंद्रीय जेल रायपुर के उप जेल अधीक्षक मधु सिंह, सहायक श्रमायुक्त विभाग के सहायक ग्रेड-2 राहुल नामदेव को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

### सम्मानित किए गए अधिकारी-कर्मचारी

खनिज विभाग के प्रभारी निरीक्षक रघुनाथ भारद्वाज को जिले में खनिज सामग्री के अवैध उत्खनन और परिवहन पर रोकथाम लगाने नियमित रूप से की गई कार्यवाही के लिए सम्मानित किया है। उन्होंने करीब दो वर्ष में रेत, मुरुम, चूनापत्थर, फर्शीपत्थर से भरी 18 सौ गाड़ियों को पकड़ने की कार्रवाई की है, जिससे शासन को गाड़ियों के मालिकों पर लगाए गए जुर्माना के रूप में वसूल की गई 4 करोड़ से अधिक राजस्व की प्राप्ति भी हुई है। इसी प्रकार जिला पंजीयक कार्यालय के रिकार्ड कीपर रविशंकर देवांगन को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया है। रविशंकर दोनों पैर से दिव्यांग है। इसके बाद भी जिस तरह से अभिलेखागार का कार्य, पत्राचार तथा न्यायालय में सुनवाई के लिए रिकार्ड लेकर स्वयं उपस्थित होने का कार्य किया है। यह अन्य सभी कर्मचारियों के लिए प्रेरणादायक है।

## पंजाब सहित रायपुर के आधा दर्जन नशा कारोबारी गिरफ्तार

# तीन दिन में तीन छापे, दो सौ ग्राम हेरोइन जब्त, पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पंजाब से हेरोइन बेचने पहुंचे चार लोगों के साथ ही रायपुर के दो नशे के सौदागरों को पुलिस ने 18 लाख रुपए से ज्यादा कीमत के हेरोइन चिट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई मुखबिर की सूचना के आधार पर की है। गिरफ्तार लोगों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस अफसर नशे के सौदागारों की संपत्ति की जानकारी जुटाकर अटैच करने की कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं। नशे के सौदागारों की संपत्ति अटैच करने की कार्रवाई की जाती है, तो इस तरह की कार्रवाई प्रदेश में पहली बार होगी।

■ हेरोइन बेचने पंजाब से रायपुर पहुंचे चार को पुलिस ने दबोचा

आमानाका तथा गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में पुलिस ने दबिश देकर पंजाब, गुरुदासपुर निवासी जगदीश सिंह, शीतल राजपूत, चरणजीत सिंह, जॉन मसीह तथा गुढ़ियारी थाना क्षेत्र से शाहिदा बेगम, काश्मीर सिंह को गिरफ्तार किया है। जिस मुखबिर के माध्यम से पुलिस ने नशे के सौदागरों को गिरफ्तार किया है, उस मुखबिर को पुलिस ने अलग से पुरस्कृत किया है। काश्मीर सिंह मूल रूप से पंजाब का रहने वाला है। वह लंबे अरसे से रायपुर में रह रहा है। लोकल नेटवर्क के माध्यम से वह पंजाब के अपने साथियों के माध्यम से यहां हेरोइन मंगाकर खपाने का काम करता था।





### चकमा देने आउटर के स्टेशन में उतरे

पंजाब से हेरोइन बेचने आए नशे के सौदागर पुलिस को चकमा देने दो टीम बनाकर यहां पहुंचे थे। पुलिस की पकड़ से बचने जगदीश तथा शीतल सरोना स्थित रेलवे स्टेशन में उतर गए। उन्हें पुलिस ने जेपी गार्डन के पास दबोचा। दोनों से पूछताछ करने के बाद पुलिस ने चरणजीत तथा जॉन मसीह को आमानाका स्थित एक होटल से गिरफ्तार किया। इसके बाद पुलिस ने अन्य दो नशे के सौदागरों को गिरफ्तार किया।

### ढाबों के माध्यम से ट्रक ड्राइवरों को खपाते थे

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक हेरोइन की खेप मंगाने वाले नशे के सौदागर टाटीबंध तथा आसपास के हाईवे में संचालित ढाबों में जाकर ट्रक ड्राइवरों से संपर्क कर हेरोइन खपाने का काम करते थे। पुलिस को नशे के कारोबार में बड़े रैकेट के शामिल होने की आशंका है।

# बीजेपी और कांग्रेस ने जारी की नगर पालिका अध्यक्ष की सूची

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस ने नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। भाजपा ने 47 और कांग्रेस ने 49 प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है।

■ पूर्व विधायक डॉ. चोपड़ा को महासमुंद से बनाया प्रत्याशी

भाजपा ने गोबरा नवापारा में ओमकुमारी संजय साहू, तिल्दा नेवरा में चंद्रकला वर्मा, आरंग में संदीप जैन, मंदिरहसौद में संदीप जोशी, बागबाहरा में शंकर टांडी, सरायपाली में सरस्वती चंद्रकुमार पटेल, महासमुंद से डॉ. विमल चोपड़ा, बागबहारा से शंकर तांडी, सरायपाली से सरस्वती चंद्र कुमार पटेल, बलौदाबाजार से अशोक जैन, सिमगा से शिवधारी देवांगन, गरियाबंद से रिखीराम यादव, अहिवारा से नटवर ताम्रकार,कुम्हारी से मीना वर्मा, अमलेश्वर से दयानंद सोनकर, बालोद से प्रतिमा चौधरी, दल्ली राजहरा से तोरणलाल साहू, बेमेतरा से विजय सिन्हा, डोंगरगढ़ से रमन डोंगरे, पंडरिया से मंजूला देवी कुर्रे, तखतपुर से वंदना बाला सिंह, रतनपुर से लवकुश कश्यप, बोदरी से देव कुमारी पांडेय, पेंड्रा से रितेश फरमानिया, गौरेला से मुकेश दुबे, मुंगेली से शैलेष पाठक और लोरमी से सुजीत वर्मा को बीजेपी ने अपना प्रत्याशी बनाया है।



### कांग्रेस ने अध्यक्षों की सूची जारी की

कांग्रेस ने कल देर रात नगर पालिका चुनाव के लिए जिन उम्मीदवारों को टिकट दिया गया है। उनमें मनेन्द्रगढ़ से प्रभा पटेल, सूरजपुर से कुसुमलता राजवाडे, बलरामपुर से कृपाशंकर, रामानुजगंज से मधु गुप्ता, जशपुर नगर से हीसराम निकुंज, खरसिगा से रमेश कुमार अग्रवाल, दीपका से विशाल शुक्ला, कटघोरा से राज जायसवाल, बांकीमोगरा से माया अग्रवाल और रतनपुर से शीतल जायसवाल, तखतपुर से रविन्द्र कौर मक्कड, मुंगेली से रोहित शुक्ला, लोरमी से अनिल दास, सक्ती से रीना मेवाडीन, अकलतरा से ज्योति जोशी, चांपा से राजेश अग्रवाल, जांजगीर नैला से गंगोत्री संतोष गढ़ेगाल, गरियाबंद से गेंदबाल सिन्हा, महासुमंद से निखिल कांत साहू, सरायपाली से वृन्दा सुरेश भोई, बागबारा से खिलेश्वरी बघेल, बलौदाबाजार सुरेंद्र जायसवाल, तिल्दा नेवरा से लक्ष्मीनारायण वर्मा और आरंग से मंगलमूर्ति अग्रवाल, गौरेला से अशोक शर्मा, पेंड्रा से पंकज तिवारी, भाटापारा सतीश अग्रवाल, बालोद में पदमिनी साहू, दल्लीराजहरा रवि जायसवाल, सिमगा में ललित देवांगन, सुकमा में कन्या दुग्गे, बोदरी में विमला साहू को टिकट दिया गया है।

### जटायु मशीन से मुख्य मार्ग की सफाई

रायपुर। शहर में जटायु मशीन से प्लास्टिक पन्नी, शीसी बॉटल सहित अन्य तरह के कचरों की सफाई कराई जा रही है। मुख्य मार्गो की सफाई व्यवस्थित करने के कार्य का सोमवार को अपर आयुक्त पंकज शर्मा ने निरीक्षण किया। उन्होंने एक्सप्रेस वे, व्हीआईपी मार्गो में पहुंचकर विभागीय अधिकारियों को सफाई कार्य के सतत मानिटिरंग के निर्देश दिये। इस मौके पर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही, कार्यपालन अभियंता स्वच्छ भारत मिशन रघुमणि प्रधान सहित विभागीय अधिकारी उपस्थिति रही।

**बिजनेस साइट**

### सुरेश अग्रवाल मेमोरियल कॉरपोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट का ग्रैंड फिनाले और समापन समारोह



रायपुर। सुरेश अग्रवाल मेमोरियल हीरा कॉर्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट के 15वें सीज़न का फाइनल मैच 26 जनवरी को हीरा कॉरपोरेट और इन्फिनिटी सर्विसेज के बीच खेला गया। यह मुकाबला हीरा खेल मैदान, राम वाटिका के पास, फुंडहर चौक स्थित वीआईपी रोड में आयोजित हुआ। टॉस जीतकर हीरा कॉरपोरेट ने पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। इन्फिनिटी सर्विसेज की टीम 19.2 ओवर में 97 रन पर ऑलआउट हो गई। इसके जवाब में हीरा कॉरपोरेट ने 16.5 ओवर में 98/7 के स्कोर के साथ 3 विकेट से शानदार जीत हासिल की। समापन समारोह में हीरा ग्रुप के अधिकारियों और हीरा ग्रुप स्पोर्ट्स एंड कल्चरल एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद पिल्लई ने भाग लिया। दिनेश अग्रवाल, सिद्धार्थ अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सभी 32 भाग लेने वाली टीमों की सराहना की। विजेता टीम को 3 लाख रुपये और उपविजेता टीम को 1.5 लाख रुपये का पुरस्कार मिला। इसके साथ ही विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार राशि भी वितरित की गई।

### ऑटो एक्सपो में नए वाहनों की लॉन्चिंग से उत्साहित रायपुरियंस



रायपुर। ऑटो एक्सपो में इस वर्ष गणतंत्र दिवस के मौके पर रायपुरियंस ने नए और पुराने वाहनों के मॉडल्स को देखा और नई लॉन्चिंग पर खासा ध्यान दिया। इस मौके पर स्टेज प्रोग्राम की राष्ट्रभक्ति थीम ने दर्शकों को उत्साहित कर दिया और लोग इस पर थिरकते हुए नजर आए। रविवार को दो और सोमवार को एक नई वाहन मॉडल की लॉन्चिंग हुई। लॉन्चिंग में होंडा एक्टिवा 125 और केआईए एसवायआरओएस जैसी नई और दमदार कारों को पेश किया गया। स्कोडा के नए मॉडल केवायसीक्यू की लॉन्चिंग भी सोमवार को हुई। टीवीएस मोटर कंपनी द्वारा आयोजित स्टंट बाइक शो में सुरक्षा के बारे में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया, जिसमें यह संदेश दिया गया कि सड़क सुरक्षा पर ध्यान देना कितना महत्वपूर्ण है। राडा के पदाधिकारियों ने बताया कि सरकार द्वारा लागू की गई 50 प्रतिशत रोड टैक्स छूट कस्टमर्स के लिए एक बड़ा फायदा साबित हो रही है। यह तीनों पक्षों - सरकार, डीलर्स और ग्राहकों के लिए लाभकारी है।

### गणतंत्र दिवस पर स्मार्ट योगा ग्रुप की विशेष पहल

रायपुर। टाटीबंध मोहबा बाजार स्थित बरसाना एंक्लेव में स्मार्ट



योगा ग्रुप के सदस्य गणतंत्र दिवस के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर सभी सदस्य देशभक्ति से प्रेरित हुए और उन्होंने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। स्मार्ट योगा ग्रुप ने गणतंत्र दिवस से संबंधित एक 1 मिनट क्विज कांटेस्ट का आयोजन किया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने उत्साह से भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रेम टावरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, माया वर्मा द्वितीय रहीं, जबकि मीरा हरितवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंजू अग्रवाल, शोभा गुप्ता, उषा अग्रवाल, मोना जैन और अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान में मनाया गया 76 वां गणतंत्र दिवस



रायपुर। 76वें गणतंत्र दिवस के मौके पर आई.सी.ए.आर.-राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान में धूमधाम से समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ संयुक्त निदेशक डॉ. अनिल दीक्षित ने संस्थान में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया और तत्पश्चात राष्ट्रगान जन गण मन का गायन हुआ। अपने संबोधन में डॉ. दीक्षित ने कहा कि हमें निष्ठा और ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए, ताकि देश की अखंडता और एकता बनी रहे।

### आंजनेय विवि में 76वें गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम




रायपुर। आंजनेय विश्वविद्यालय में 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विजय झावर ने अपने संबोधन में संविधान के मूल्यों को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि समृद्ध, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में हर नागरिक का योगदान आवश्यक है। साथ ही, उन्होंने देश के नव निर्माण की दिशा में एकजुटता, समानता और प्रगति के महत्व को रेखांकित किया। इस अवसर पर कुलाधिपति अभिषेक अग्रवाल ने विश्वविद्यालय में शिक्षा और कानून के क्षेत्र में किए गए सुधारों को भारतीय राष्ट्र के विकास के लिए मील का पत्थर बताया। उन्होंने नई शिक्षा नीति को युवाओं के लिए एक नया अवसर बताया, जो उन्हें अपनी क्षमताओं के अनुसार शिक्षा प्राप्त करने का अवसर प्रदान करेगी। इस नीति के तहत कौशल आधारित शिक्षा और रोजगारपरक पाठ्यक्रमों को प्राथमिकता दी जा रही है, जो भारत की वैश्विक स्थिति को मजबूत करेंगे।

### द गुड स्टार्ट स्कूल और मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ पैरामेडिकल ने 76वां गणतंत्र दिवस मनाया



रायपुर। द गुड स्टार्ट स्कूल और मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ पैरामेडिकल ने धूमधाम से 76वां गणतंत्र दिवस मनाया। इस अवसर पर स्कूल के अध्यक्ष धर्मेश सोनी ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में कक्षा 1 से 5 तक के विद्यार्थियों द्वारा 'मंडला योग' की प्रस्तुति विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसे बहुत ही सुंदर तरीके से प्रस्तुत किया गया। साथ ही मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ पैरामेडिकल के छात्रों ने गणतंत्र दिवस पर नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी, जिसे सभी ने सराहा।

# सात कुंभ मेला स्पेशल भी पड़ रही कम, ट्रेन की एसी बोगी का स्लीपर जैसा हो रहा हाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रयागराज में कुंभ के शुभ अवसर पर गंगा स्नान करने वाले श्रद्धालुओं के लिए सात कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन भी कम पड़ गई है। नियमित रूप से चलने वाली सारनाथ एक्सप्रेस सहित अन्य ट्रेनों की एसी बोगी का हाल स्लीपर जैसा हो गया है। प्रयागराज जाने शाही स्नान दिवसों पर फ्लाइट का टिकट नहीं मिल रहा और बाकी दिन का किराया 19 हजार है। भीड़ को देखते हुए प्राइवेट टैक्सी वालों ने बुकिंग में दो रुपए प्रति किमी. की वृद्धि कर दी है।

■ शाही स्नान के दौरान फ्लाइट का टिकट नहीं, बाकी दिनों में 19 हजार किराया

छत्तीसगढ़ से भी कुंभ स्नान के लिए प्रयागराज जाने वालों की संख्या कम नहीं है। प्रदेश से उत्तर भारत की ओर जाने वाले तमाम परिवहन के साधन पैक होकर चल रहे हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा सात कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। अलग-अलग तिथियों में चलने वाली ट्रेन के साथ नियमित सारनाथ एक्सप्रेस सहित उस रूट में जाने वाली तमाम ट्रेन ठसाठस होकर रवाना हो रही है। जनरल, स्लीपर बोगी ही नहीं, ट्रेनों की एसी बोगियों में भी कन्फर्म टिकट लेने वालों को बैठने के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है। भीड़ इतनी हो रही है कि एसी बोगी के फ्लोर पर भी बैठकर लोग अपनी यात्रा पूरी कर रहे हैं। यात्रियों की संख्या इतनी अधिक है कि ट्रेनों में सुरक्षा बल के जवान भी बेबस होते नजर आ रहे हैं। दूसरी ओर कुंभ की



शुरुआत के साथ ही रायपुर से संचालित होने वाली एकमात्र फ्लाइट का किराया भी 19 हजार का आंकड़ा पार कर चुका है। शाही स्नान वाले दिवसों में तो टिकट भी नहीं मिल रहा है।

भीड़ को देखते हुए बुकिंग पर श्रद्धालुओं को गंगा में डुबकी लगाने ले जाने टैक्सी वाले भी मौका नहीं चूक रहे हैं। सामान्य दिनों में छोटी से बड़ी गाड़ियों का किराया 12 से 18 रुपए प्रति किमी होता है, जिसे बढ़ाकर 14 से 20 रुपए तक कर दिया गया है। बसों में सीट मिलना मुश्किल हो गया है और यात्रियों को 1800 से 2800 तक श्रेणी के हिसाब से टिकट कटवाना पड़ रहा है।

### लखनऊ फ्लाइट फेयर में 15 हजार पार

श्रद्धालु किसी भी साधन से गंगा किनारे पहुंचने की आस में हैं। प्रयागराज ही नहीं, रायपुर से लखनऊ जाने वाली फ्लाइट का किराया भी आसमान पर पहुंच चुका है। यहां से लखनऊ होकर प्रयागराज जाने वालों की वजह से फ्लाइट फेयर 15 हजार के ऊपर हो चुका है। वहीं वापसी के दौरान यह सफर साढ़े सात हजार रुपए के खर्च में पूरा हो रहा है। अगले माह तक यूपी की दोनों उड़ानों में सस्ते में टिकट मिलना काफी मुश्किल है।

### प्राइवेट टैक्सी की काफी डिमांड

ट्रैवल्स संचालक फैजान ने बताया कि ट्रेन और फ्लाइट का टिकट मिलना मुश्किल होने की वजह से प्रयागराज जाने के लिए लोग बड़ी संख्या में टैक्सी भी बुक करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि टैक्सी स्टैण्ड से बुकिंग के दौरान पुरानी दर पर टैक्सी मिल जाती है, मगर एजेंसी के माध्यम से टैक्सी लेने पर लोगों को ज्यादा पैसे देने पड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सामान्य दिनों की तुलना में टैक्सी की डिमांड बढ़ी हुई है।

### उत्कल समाज ने उत्साह पूर्वक मनाया राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस



रायपुर। सामाजिक संस्था उत्कल विकास मंच द्वारा राजधानी रायपुर के हृदय स्थल मधुसूदन दास चौक में प्रतिवर्ष अनुसार उत्साह पूर्वक गणतंत्र दिवस मनाया गया। ध्वजारोहण जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता और सामाजिक नेता अधिवक्ता भगवानू नायक ने किया। इस मौके पर भगवानू नायक ने कहा कि संविधान देश के करोड़ों दबे, कुचले, पिछड़े, महिलाओं और आदिवासियों की ताकत है। भारत का संविधान विश्व का सबसे बेहतरीन संविधान है, संविधान के कारण ही आज भारत विश्व के पटल में अपनी एक नई पहचान बनाते हुए तेजी से आगे बढ़ा रहा है। ऐसे संविधान निर्माण करने वाले डॉ बाबा अंबेडकर और आजादी के आंदोलन में त्याग तपस्या और बलिदान देने वाले सभी महापुरुषों को कोटि कोटि नमन है। इसी प्रकार कार्यक्रम को उत्कल विकास मंच के अध्यक्ष बलमत महानंद, संगठन महामंत्री गोपाल बाग ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में नवीन नायक, बालमत महानंद, संगठन मंत्री, गोपाल बाग, राजाराम बाग, बालेश्वर सोना, सत्यानंद तांडी, महेश विभार, सदाशिव सोना, संजय सोन, सचिन बघेल, बैकुंठ सोना सहित बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।

**पेज 13 के शेष ...**

### ऑल इंडिया कोटे की...

करवा लें। इसके बाद उनकी पंजीयन राशि जब्त कर ली जाएगी और उन्हें प्रवेश प्रक्रिया से बाहर कर दिया जाएगा।

सूत्रों के अनुसार इस प्रक्रिया के बाद मॉपअप राउंड में शामिल होने वाली सीटों की संख्या बढ़ जाएगी। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा मॉपअप राउंड के दौरान पात्र उम्मीदवारों को संस्था चयन का मौका दिया गया है। 31 जनवरी से 3 फरवरी तक यह प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### गर्मी के साथ होगा...

32-33 डिग्री तक जा पहुंचा है और रायपुर की गर्मी भी उसके करीब है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अब न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी होगी, जिससे रात में भी ठंड का प्रभाव कम होता जाएगा। सामान्यतः फरवरी में रात थोड़ी राहत लिए होती है, मगर दिन में गर्मी बढ़ती जाती है। सोमवार की सुबह रायपुर में हल्की ठंड का अहसास हुआ, वहीं दोपहर में धूप तेज होने की वजह से गर्मी भी महसूस हुई।

### ट्राइबल स्टडीज एंड इंडियन...

जाएंगे। सूत्रों के अनुसार, कार्यपरिषद से मंजूरी मिलने के बाद इसके पाठ्यक्रम को अंतिम स्वरूप देने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। यह दो वर्षीय पाठ्यक्रम होगा। फिलहाल इसके प्रथम वर्ष के सिलेबस पर कार्य किया जा रहा है। इसके बाद द्वितीय वर्ष का पाठ्यक्रम निर्धारित होगा। प्रवेश के लिए पात्रता, निर्धारित सीटें, प्रवेश प्रक्रिया सहित अन्य नियमावली निर्माण भी जून-जुलाई में सत्र आरंभ होने के पूर्व कर लिया जाएगा।

### मरीन ड्राइव में चलाया...

विभिन्न मुख्य मार्गो एवं बाजार क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। शिक्षण संस्थाओं के पास नशे के सामान का विक्रय किये जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की गई। अभियान में डीएसपी सतीश ठाकुर, नगर निवेशक आभाष मिश्रा, जोन 3 कमिश्नर विवेकानंद दुबे, कार्यपालन अभियंता सुशील मोडेस्टस, सहायक अभियंता नरेश साहू, सहायक अभियंता नगर निवेश विभाग आशुतोष सिंह सहित विभागीय कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल के सचिव बने प्रसन्ना

**रायपुर।** राज्य शासन ने राज्यपाल के सचिव पद पर सीआर प्रसन्ना की नियुक्ति की है। उन्हें सचिव सहकारिता के प्रभार के साथ राज्यपाल के सचिव का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। राज्यपाल के सचिव रहे यशवंत कुमार को सचिव ग्रामोद्योग के पद पर पदस्थ करते हुए सचिव संसदीय कार्य विभाग, संचालक ग्रामोद्योग, एमडी हथकरघा विकास एवं विपणन संघ मर्यादित, एमडी छग खादी ग्रामोद्योग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। एस प्रकाश को सचिव परिवहन विभाग का प्रभार सौंपते हुए आयुक्त परिवहन का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### ज्योति को पीएचडी



**रायपुर।** ज्योति शर्मा को पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई। उन्होंने साइंस कॉलेज के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सुरेंद्र पटेल के निर्देशन में एवं डॉ. विनोद पटले के सह निर्देशन में अपना शोध कार्य पूर्ण किया। उनके शोध का विषय डिजाइनिंग नेटवर्क लाइफटाइम अवेयर रूटिंग प्रोटोकोलस फॉर आईओटी सिस्टमस था।

### दाऊजी काम्प्लेक्स बोरियाखुर्द में फहराया तिरंगा



**रायपुर।** गणतंत्र दिवस पर बिल्डिंग मटेरियल यूनियन संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा दाऊजी काम्प्लेक्स बोरियाखुर्द में ध्वजारोहण किया गया।

### पार्षद ने वार्ड में फहराया तिरंगा



**रायपुर।** सुभाष चंद्र बोस वार्ड बिरगांव, रायपुर के पार्षद संतोष कुमार साहू द्वारा गणतंत्र दिवस पर वार्ड के विभिन्न स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्र में झंडा वंदन किया गया, कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हेमलता वर्मा, देवश्री बघेल एवं सहायिका निरा साहू, हिरामती साहू, दाउराम, विनोद साहू, ईश्वर बंजारे सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं मोहल्लेवासी उपस्थित थे।

### गोकशी के मामले में दो और गिरफ्तार



**रायपुर।** आजाद चौक स्थित मोमिन पारा में गोकशी मामले में पुलिस ने दो और लोगों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। गोकशी मामले में पुलिस ने सलीम तथा असलम खान को गिरफ्तार किया है। गोकशी मामले में पुलिस पूर्व में 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल कर चुकी है। गोकशी मामले में पुलिस ने अब तक 12 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। उल्लेखनीय है कि गो-सेवा समिति की शिकायत पर पुलिस ने नौ जनवरी को एक मकन में छापे की कार्रवाई करते हुए गो-मांस बेचते लोगों को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार लोगों की निशानदेही पर पुलिस ने अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# पहली बार तकनीकी विवि-एससीईआरटी संग करेंगे कॉलेजों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के महाविद्यालयों की पड़ताल अब स्वामी विवेकानंद तकनीकी विवि और राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद मिलकर करेंगे। ऐसा इसलिए क्योंकि कई भवन में बीएड-डीएलएड सहित बीफॉर्मेसी और डीफॉर्मेसी पाठ्यक्रमों का संचालन एक ही साथ हो रहा है। नियमतः टेक्निकल कोर्स के लिए पृथक बिल्डिंग होना जरूरी है। किंतु आर्थिक लाभ के लिए कई महाविद्यालय प्रबंधन एक व्यावसायिक पाठ्यक्रम की मान्यता होते हुए भी उसी भवन में दूसरे व्यवसायिक पाठ्यक्रम संचालित कर रहे हैं।

## वर्तमान सत्र में थोक में खुले थे नए फॉर्मेसी कॉलेज, इनमें से अधिकतर बीएड की बिल्डिंग में

### प्रभावित होती है पढ़ाई की गुणवत्ता

परंपरागत पाठ्यक्रमों के इतर व्यावसायिक अथवा तकनीकी पाठ्यक्रमों की पढ़ाई के लिए पृथक भवन की अनुशंसा की जाती है, ताकि पढ़ाई की गुणवत्ता बनी रहे। प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए पुस्तकालय, लैब सहित अलग मापदंड भी निर्धारित हैं। इसमें पूरा उतरने के बाद ही उन्हें मान्यता प्रदान की जाती है। कई कॉलेज एक ही साधन को दो अलग-अलग कोर्स के लिए उपलब्ध बताते हुए मान्यता हासिल कर रहे हैं।



- वजह-एक ही बिल्डिंग में बीएड व फॉर्मेसी
- जो संस्थान नियमविरुद्ध, वहां की रद्द की जाएगी मान्यता

### कॉलेज एक और मान्यता दो विश्वविद्यालयों से

बीफार्मा, डीफार्मा, एमफार्मा अथवा फॉर्मेसी संबंधित किसी भी पाठ्यक्रम के अध्यापन के लिए इंडियन फॉर्मेसी काउंसिल के साथ ही राज्य स्तर पर स्वामी विवेकानंद तकनीक विवि से मान्यता प्राप्त करना भी आवश्यक है। इसी तरह बीएड-डीएलएड पाठ्यक्रम संचालन के लिए एनसीटीई अर्थात नेशनल काउंसिल फॉर टीचर्स एजूकेशन के साथ संबंधित विवि जैसे-रविवि अथवा छग के अन्य किसी विवि की मान्यता जरूरी है। चूंकि दोनों पाठ्यक्रम की मान्यता अलग-अलग विश्वविद्यालयों से लेनी है, इसलिए कॉलेज भवन एक और मान्यता दो विश्वविद्यालयों द्वारा स्थिति निर्मित हो गई है।

वर्तमान शैक्षणिक सत्र में आधा दर्जन से अधिक फॉर्मेसी खोले गए। इनमें से ज्यादातर बिलासपुर और जगदलपुर संभाग से हैं। वर्तमान सत्र में नए खुले फॉर्मेसी शैक्षणिक संस्थानों में से ज्यादातर उन महाविद्यालयों में खोले गए जहां बीएड अथवा डीएलएड पाठ्यक्रम का अध्यापन पूर्व से हो रहा था। इसकी सूचना प्राप्त होने के बाद सीएसवीटीयू और एससीईआरटी द्वारा एक साथ इन संस्थानों की पड़ताल करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए योजना बनाई जा रही है। ऐसा पहली बार होगा, जब प्रदेशस्तर पर दो शैक्षणिक संस्थान एक साथ मिलकर कॉलेजों की जांच करेंगे।

## मोक्षित पर मेहरबानी, दवा कार्पोरेशन ने 200 हेल्थ सेंटरों में भिजवाया गैर जरूरी रीएजेंट

# ईओडब्लू की एफआईआर, हरिभूमि ने किया था उसका खुलासा सिलसिलेवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मोक्षित कार्पोरेशन को लाभ पहुंचाने के लिए सीजीएमएससी के अफसरों ने नियमों की जमकर धज्जियां उड़ाईं। ईओब्डलू ने करीब 750 करोड़ के इस महाघोटाले में जिन बिंदुओं को शामिल किया है, उसका खुलासा हरिभूमि ने सिलसिलेवार किया था। घोटाला इतना बड़ा था कि ब्लड सैंपल कलेक्शन करने वाले 8.50 के ट्यूब को 2350 रुपए में खरीदा था। निजी लाभ और मोक्षित पर मेहरबानी के लिए गैर रीएजेंट 200 ऐसे हेल्थ सेंटरों में भिजवाया गया था, जिसकी वहां जरूरत ही नहीं थी।

दवा खरीदी के नाम पर स्वास्थ्य विभाग में हुआ यह घोटाला ऐताहासिक है। दवा सप्लायर कंपनी के प्रति सीजीएमएससी के अफसर इतने आसक्त थे कि उसे लाभ पहुंचाने के लिए सारे नियमों को दरकिनार किया जाता रहा। घोटाले की यह बात भी विशेष रही कि प्राथमिक स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों में रीएजेंट ठूंस दिए गए और जब वे खराब होने लगे, तो बचाने के नाम पर 600 फ्रीज खरीदकर एक और घोटाले को अंजाम देने की तैयारी थी। मोक्षित कार्पोरेशन के संचालकों ने अफसरों के साथ मिली भगत स्वास्थ्य केंद्रों में पांच लाख रुपए में मिलने वाली सीबीसी जांच मशीन 17 लाख रुपए के हिसाब से सप्लाई कर दी।

साजिश ऐसी भी थी कि इस सीबीसी मशीन में वही रीएजेंट का उपयोग होता, जिसकी सप्लाई सौ गुना से ज्यादा कीमत पर मोक्षित द्वारा किया गया है। एफआईआर में इसका भी उल्लेख किया गया है कि दवा कार्पोरेशन के अफसरों द्वारा घोटाले को पूरा करने के लिए ऐसे नियम बनाए गए थे कि दूसरी सप्लायर कंपनी इसके लिए अपात्र हो जाती। अपना रास्ता साफ करने के लिए सप्लायर कंपनी ने कुछ सेल कंपनी बनाई और उसके नाम से जमकर लूट-खसोट की।

### 8.50 के ट्यूब को 2350 रुपए में खरीदा





### चार डिग्री के तापमान वाला रीएजेंट

मोक्षित कार्पोरेशन के संचालक के इशारे पर अफसरों ने चार डिग्री सेल्सियस के तापमान में रखे जाने वाले रीएजेंट को ऐसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक भिजवा दिया, जहां दवाओं को रखने के लिए फ्रीज तक की व्यवस्था नहीं थी। साजिश कुछ इस तरह थी कि दवा कंपनी का रीएजेंट खराब होने वाला था, जिसे बचाकर फायदे का सौदा बनाने ऐसे स्वास्थ्य केंद्रों में भेज दिया गया, जिसके बारे में वहां के चिकित्सकीय स्टाफ जानते तक नहीं थे।

### 27 दिन में जारी हुआ क्रय आदेश

किसी भी सामान की खरीदी के लिए महीनों का वक्त लगाने वाले सीजीएमएससी और स्वास्थ्य विभाग के अफसर इस प्रकरण में इतने एक्टिव थे कि सारी प्रक्रिया पूरी कर दो किस्तों के बजाए एक ही बार में 4 सौ करोड़ से ज्यादा के रीएजेंट खरीदी के लिए क्रय आदेश जारी कर दिया गया। यह प्रक्रिया भी पूरी रफ्तार के साथ केवल 27 दिन में पूरी की गई। बड़ी बात यह भी रही कि खरीदी के लिए शासन से अनुमति लेने की आवश्यकता महसूस नहीं की गई।

# रायपुर नगर निगम कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी तय, सूची जारी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



कांग्रेस ने असंतुष्ट कार्यकर्ताओं के गुस्से से बचने के लिए रायपुर नगर निगम के वार्ड प्रत्याशियों की सूची जारी नहीं की। प्रत्याशी तय कर लिए गए हैं और उन्हें मौखिक तौर पर सूचना देकर फार्म जमा करने के लिए भी कह दिया गया। निवर्तमान मेयर एजाज ढेबर ने सोमवार को नामांकन दाखिल भी कर दिया है। ढेबर को पार्टी ने भगवती चरण शुक्ल वार्ड से प्रत्याशी बनाया है, लेकिन उन्होंने अधिकृत तौर पर घोषणा से पहले ही विधिवत नामांकन दाखिल किया। कई और पार्षद प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। प्रदेश की चुनाव समिति ने देर रात रायपुर के सभी 70 वार्ड प्रत्याशियों की सूची को अनुमोदित कर दिया है, मगर अधिकृत तौर पर जारी नहीं किया गया। जिनके नाम तय किए गए, उन्हें फोन से सूचना देकर नामांकन दाखिल करने के लिए कहा गया है। मंगलवार को नामांकन दाखिले का आखिरी दिन है। राजीव भवन में सुबह तक कार्यकर्ता डटे हुए थे और रह-रह कर गुस्से का इजहार कर रहे थे। कांग्रेस सूत्र बताते हैं कि ऐसा पहली बार हुआ है कि टिकट तय करने के बाद जारी करने में देर की जा रही है।

- मौखिक तौर पर सूचना देकर नामांकन जमा करने कहा जा रहा

### कांग्रेस में बढ़ सकता है विवाद

एक बार चुनाव में भी टिकट की घोषणा के बाद तोड़फोड़ हुई थी। कुछ इसी तरह की आशंका इस बार भी दिख रही है। पार्टी कार्यकर्ता खुले तौर पर सीनियर नेताओं पर टिकट बेचने का आरोप लगा रहे हैं। कहा जा रहा है कि पूर्व विधायक टिकट को लेकर कोई बड़ा खुलासा कर सकते हैं। कई नेता सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी-अपनी नाराजगी का इजहार कर रहे हैं। आने वाले दिनों में कांग्रेस में विवाद बढ़ सकता है।

# धर्मांतरण को लेकर मोवा में हंगामा, पास्टर सहित तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पंडरी थाना क्षेत्र के मोवा इलाके में धर्मांतरण को लेकर रविवार को जमकर बवाल हुआ। हिंदू संगठनों के विरोध के कारण पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिया, जिनमें तीन के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जेल दाखिल किया है। आरोप है कि घर में प्रार्थना सभा की आड़ में लोगों को धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था। धर्मांतरण कराए जाने की जानकारी मिलने पर भारी संख्या में हिंदू संगठन से जुड़े लोग मौके पर पहुंच गए और जमकर हंगामा किया। घटना की जानकारी मिलने पर भारी संख्या में पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत कराया। मोवा स्थित मितान विहार के घर में प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण कराए जाने के आरोप में पुलिस ने कीर्ति कुमार केशरवानी, जीवन साहू तथा एक अन्य को गिरफ्तार किया है। हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने आरोप लगाया है कि कीर्ति केशरवानी जो पास्टर है, अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर हर सप्ताह प्रार्थना सभा की आड़ में गरीब तथा भोले-भाले लोगों को झांसा देकर धर्म परिवर्तन करने के लिए मजबूर करते हैं। मौके पर पहुंचे हिंदू संगठन से जुड़े लोग नारा लगाते हुए प्रार्थना सभा की आड़ में धर्म परिवर्तन करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वसन देने के साथ ही मौके से आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लिया, इसके बाद माहौल शांत हुआ।

- घर में चल रही प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण कराने का आरोप



# बीच-बचाव करने वाले की पीट-पीटकर हत्या, तीन सगे भाइयों को कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



डीडीनगर थाना क्षेत्र में बीच-बचाव करने पर तीन साल पूर्व युवक की पीट-पीटकर हत्या करने के मामले में कोर्ट ने तीन सगे भाइयों को 10-10 वर्ष कैद के साथ नौ हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अतुल कुमार श्रीवास्तव की कोर्ट में हुई है।

लोक अभियोजक कैलाश आगाशे के मुताबिक 22 जून 2022 को राजा ठाकुर की हत्या के आरोप में रामावतार, रामू तथा किशोर साहू को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। पुलिस द्वारा कोर्ट में पेश डायरी के मुताबिक घटना दिनांक को राजा अपने दोस्त के साथ साकेत विहार से अपने घर लौट रहा था। इस दौरान रामावतार तथा उसके दो अन्य भाई किसी के साथ मारपीट कर रहे थे। इसे देख राजा मौके पर बीच-बचाव करने पहुंचा। इससे नाराज होकर तीनों भाइयों ने राजा की बुरी तरह से पिटाई कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसे उपचार के लिए निजी अस्पताल दाखिल कराया गया, जहां राजा की उपचार के दौरान मौत हो गई। कोर्ट ने एक दर्जन गवाहों के बयान के आधार पर तीनों भाइयों को कैद की सजा सुनाई है।

- कोर्ट ने तीनों को 10-10 साल कैद के साथ नौ हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है

# मोबाइल एप के साथ थंब बायोमेट्रिक डिवाइस से ऑनलाइन अटेंडेंस





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट में अधिकारी-कर्मचारी अब ड्यूटी पर पहुंचने और कार्यालय छोड़ने के पहले ऑनलाइन अटेंडेंस लगा रहे हैं। इसके लिए प्रशासन ने मोबाइल पर एप डाउनलोड के साथ अधीक्षक कार्यालय में थंब बायोमेट्रिक डिवाइस की व्यवस्था की है। एप एंड्राइड और आइओएस मोबाइल पर डाउनलोड कर अपने आने और जाने के समय की उपस्थिति का सेल्फी कैमरे से फेस रिकॉग्निशन टेक्नोलॉजी के माध्यम से तस्वीर लेकर दर्ज करा रहे हैं, वहीं अधीक्षक कार्यालय में कर्मचारी पहुंचकर थंब मायोमेट्रिक डिवाइस से आने-जाने की उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों को ड्यूटी में सुबह 10 बजे पहुंचने और कार्यालय शाम 5.30 बजे छोड़ने के निर्देश दिए है। इस निर्देश के तहत अब कलेक्टर ने अधिकारियों-कर्मचारियों की आने-जाने के समय की उपस्थिति दर्ज कराने के लिए एप के साथ अधीक्षक कार्यालय में भी व्यवस्था की है। अधिकारियों का कहना है कि बायोमैट्रिक प्रणाली का मुख्य उद्देश्य सरकारी कार्यालयों में कार्यकुशलता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। इससे कर्मचारियों की उपस्थिति का सही आंकलन हो सकेगा और कार्यों की समयबद्धता तथा गुणवत्ता में भी सुधार होगा। यह प्रणाली पारदर्शिता को बढ़ावा देने में मददगार साबित होगी। साथ ही यह प्रणाली डिजिटल भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी होगा। इस व्यवस्था के बाद अधिकारी-कर्मचारी सुबह 10 बजे अपने टेबल पर उपस्थित हो रहे हैं और प्रतिदिन आम जनता को उपलब्ध होकर उनके कार्यों और समस्याओं का निराकरण करने का प्रयास कर रहें हैं। इस प्रणाली को कलेक्टोरेट में सुचारू रूप से लागू होने के बाद अन्य कार्यालयों में क्रमिक रूप से लागू किया जाएगा।

- कलेक्टोरेट स्थित अधीक्षक कक्ष में लगा थंब बायोमेट्रिक डिवाइस सिस्टम

# छत्तीसगढ़ की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नई दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले में आयोजित हो रहे भारत पर्व 2025 में छत्तीसगढ़ की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र बन गई है। यह झांकी राज्य की समृद्ध जनजातीय परंपराओं और रामनामी समुदाय की विशिष्ट झलक को खूबसूरती से प्रस्तुत करती है। भगवान श्रीराम के प्रति अटूट भक्ति के लिए प्रसिद्ध रामनामी समुदाय इस झांकी का मुख्य आकर्षण है। उनकी अनोखी परंपराएं, संस्कृति और जीवनशैली दर्शकों को गहराई से प्रभावित कर रही हैं। छत्तीसगढ़ की झांकी में राज्य की सांस्कृतिक विविधता और पारंपरिक लोक जीवन को बड़े ही शानदार तरीके से दर्शाया गया है। झांकी में जनजातीय कला, पारंपरिक नृत्य, और शिल्प की झलक ने देश-विदेश से आए दर्शकों को राज्य की अनमोल सांस्कृतिक धरोहर से रूबरू कराया। साथ ही यह झांकी छत्तीसगढ़ की आदिवासी जीवनशैली और उनकी अनूठी परंपराओं का जीवंत चित्रण प्रस्तुत करती है। भारत पर्व 2025, जो गणतंत्र दिवस के अवसर पर पर्यटन मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जा रहा है, भारतीय संस्कृति और परंपराओं को प्रदर्शित करने का उत्कृष्ट मंच है। इस आयोजन में देश के विभिन्न राज्यों की झांकियां, सांस्कृतिक प्रदर्शन और स्थानीय व्यंजनों के स्टॉल जनता के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। छत्तीसगढ़ की झांकी ने 'देखो अपना देश' की थीम के तहत राज्य के सांस्कृतिक गौरव और परंपराओं को देश और दुनिया के सामने पेश किया है।

- झांकी में रामनामी समुदाय, जनजातीय कला, नृत्य व शिल्प की दिख रही झलक



पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

### ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने पकड़ा

**रायपुर।** लोगों से ठगी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 318 (4) बी.एन.एस. जुर्म दर्ज किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि जेवरा सिरसा क्षेत्र के ग्राम बेलौदी में स्थित च्वाइस सेंटर में एक युवक पहुंचा था। जो खाते में पैसे की आवश्यकता होने का झांसा देकर 30 हजार रूपये के बदले 500 रूपये अतिरिक्त रकम देने की बात कहते हुए। प्रलोभन के चक्कर में आरोपी ग्राम जुगदेही वार्ड नं 11. पोस्ट सिलौटी थाना भखारा जिला धमतरी निवासी हुपेश साहू के खाते में रुपए ट्रांसफर किया। लेकिन रुपए नहीं लौटाया। इसके अलावा ग्राम चिखली के मोबाईल दुकान के संचालक से भी 200 रूपये अतिरिक्त रकम देने का झांसा देकर ऑनलाइन ट्रांसफर 20 हजार 500 रूपये अपने खाते में डलवाया। उसे सिर्फ 5 हजार रुपए आरोपी ने लौटाया बाकि 15 हजार 500 रूपये का ठगी किया। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड पर जेल भेज दिया है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
28 फरवरी से 11 मार्च 2025, 21 मार्च से 01 अप्रैल 2025, 11 अप्रैल से 22 अप्रैल 2025, 09 मई से 20 मई 2025, 23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 24,500/-, 2 एसी 29,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport


हरिभूमि लाइव
रायपुर, मंगलवार 28 जनवरी 2025
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937

02


सुरक्षा बलों ने मार्च पास्ट संग दी तिरंगे ....

लाइव इवेंट

## एथिकल हैकिंग और डिजिटल फोरेंसिक पर ऑनलाइन कार्यशाला



**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा 'एथिकल हैकिंग और डिजिटल फोरेंसिक' विषय पर ऑनलाइन कार्यशाला की शुरुआत की गई। कम्प्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग विभाग द्वारा सोमवार से 15 दिवसीय कार्यशाला में विद्यार्थियों की उपस्थिति बनी रही। डॉ. भारद्वाज ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को नैतिक हैकिंग, परीक्षण, लिनक्स, नेटवर्क फोरेंसिक, विश्लेषण, पासवर्ड क्रैकिंग, मैलवेयर विश्लेषण, आईओटी सुरक्षा और साइबर सुरक्षा संबंधित जानकारी देना है।

### अभ्यार्थियों में साइबर सुरक्षा संबंधित जानकारी जरूरी

डॉ. राव ने बताया, साइबर सुरक्षा को मजबूत करने में एथिकल हैकिंग के बढ़ते महत्व की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि हैकर पायथन, सी प्लस-प्लस और जावा में कुशल पेशेवर डेटा का गलत उपयोग को रोकना जरूरी है। इसमें कानूनी कार्रवाई करने और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में विकास और शोध पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया वर्तमान में डिलीट किए गए डेटा को भी पुनर्प्राप्त किया जा सकता है। साइबर अपराधियों का मुकाबला करने और महत्वपूर्ण डेटा को पुनर्प्राप्त करने में नैतिक हैकरों की भूमिका को साइबर सुरक्षा के एक महत्वपूर्ण पहलू के रूप में देखा जा सकता है। यह आयोजन डॉ. जीपीएससी मिश्रा, डॉ. प्रदीप सिंह, डॉ. आकांक्षा शराफ और डॉ. नितेश के. भारद्वाज के मार्गदर्शन में प्रारंभ की गई। जिसके उद्घाटन समारोह में एनआईटी के निदेशक प्रो.एन वी रमना राव और विशिष्ट अतिथि कंटीन्यूइंग एजुकेशन सेल के अध्यक्ष प्रो. शुभोजित घोष उपस्थित रहे।

पारिवारिक ताने-बाने में समस्या का रूप ले चुका तलाक, इसे संभालने सामाजिक स्तर पर मंथन शुरू

# आधुनिक दौर में पति-पत्नी में अनबन से टूट रही रिश्ते की डोर, फिर संजोने में समाज की भागीदारी

**'आधुनिक दौर में रिश्तों की मिठास कम होने लगी है। शादी के बाद जोड़े एक-दूसरे से अनबन होने के कारण रिश्ते की डोर तोड़ने के लिए तलाक का निर्णय लेने से भी गुरेज नहीं कर रहे हैं। ऐसे में समाज व परिवार को जोड़ने के लिए युवक-युवती परिचय सम्मेलन, आदर्श विवाह करवाने वाले समाज के लोगों को भी रिश्ते की डोर को मजबूत करने के लिए दोनों पक्षों में सुलह कराने के लिए मंथन करना पड़ रहा हैं।'**

रायपुर। बीते 3-4 सालों में तलाक की समस्या तेजी से बढ़ रही है। शादी के कुछ साल बाद ही वर-वधू एक-दूसरे से अलग होने का निर्णय भी लेने लगे हैं। ऐसे में तलाक की समस्या दूर करने के लिए अलग- अलग समाज भी अपने स्तर पर प्रयास करते हैं। इसमें साहू, ब्राम्हण, सतनामी, गुजराती, जैन, नामदेव समाज के लोग भी तलाक को रोकने के लिए अपने स्तर पर सुलह कराने की जुगत लगाने लगे हैं, ताकि समाज से जुड़े परिवारों को टूटने से बचाया जा सके। हरिभूमि ने इस समस्या को लेकर जब सामाजिक ताने-बाने का आधार स्तंभ कहे जाने वाले प्रमुखों से बात की, तो समस्या की बड़ी वजह भी सामने आई।

### तालमेल का अभाव बड़ा कारण

सामाजिक स्तर पर तलाक की समस्या आने पर प्रमुखों के द्वारा सतनामी समाज को जोड़ने के लिए प्रयास किया जाता है। चेतन चंदेल ने बताया कि जहां दोनों पक्ष के लोगों को बुलाने के बाद बातचीत से रास्ता निकालने का प्रयास किया जाता है। साथ ही पति-पत्नी के बीच आपसी सुलह कराने का काम भी समाज द्वारा किया जाता है। इस प्रकार की समस्याओं के लिए विशेष रूप से काउंसलिंग किया जाता है। इसमें परिवार को बचाने के लिए प्रयास करते हैं। देखा गया है कि दोनों पक्षों में तालमेल का अभाव, एक-दूसरे के प्रति व्यावहारिक कमजोरी ही सबसे बड़ा कारण बनती हैं। इस समस्या को पति-पत्नी एकल परिवार से जुड़े होने से दूर नहीं कर पाते हैं।

### सुखद जीवन के लिए देते हैं संदेश



*अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष योगेश तिवारी ने बताया कि वर्तमान समय में तलाक जैसी सामाजिक समस्या को दूर करने के लिए प्रयास जारी है। विवाहित-अविवाहित लोगों के लिए समय-समय पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। इसमें शादी कराने से पहले दोनों पक्षों में चर्चा कराने, उनको समझने और व्यक्तिगत समझौते के बाद रिश्ता पक्का कराने में भी सहभागिता निभाते हैं। हर साल 'स्वर्ण दंपती' सम्मान दिया जाता है। इसमें 50 साल पूरा करने वाले दंपतियों को सम्मानित किया जाता है। साथ ही उनके सफल वैवाहिक जीवन को युवाओं के बीच साझा करने का अवसर दिया जाता है, ताकि युवाओं को सुखद जीवन जीने में मदद मिल सके।*



### किया है समाधान समिति का गठन

श्री लोहाणा महाजन समाज से उपाध्यक्ष हितेश रायचुरा ने बताया कि विवाह संबंधित समस्याओं के लिए 'समाधान समिति' का गठन किया गया है। इसमें पांच महिलाएं और पांच पुरुष शामिल हैं। जो सामाजिक स्तर पर समस्याओं को दूर करने का प्रयास करते हैं। तलाक की समस्या आने पर दोनों पक्ष को अलग-अलग बुलाकर उनकी समस्या को समझा जाता है। इसके बाद दोनों पक्ष को एक साथ बुलाकर चर्चा की जाती है।
समान्य रूप से दंपतियों को तीन मौका दिया जाता है। इसमें समस्याओं को नजरअंदाज करके नई शुरुआत करने सलाह देते हैं।

### धार्मिक दृष्टिकोण से समझाने का प्रयास

नामदेव समाज के धरमेंद्र नामदेव ने बताया कि तलाक की समस्या आने पर काउंसलिंग किया जाता है। जहां धार्मिक दृष्टिकोण से दंपतियों को समझाने का प्रयास किया जाता है। अक्सर देखा गया है कि मतभेद से ही तलाक की स्थिति निर्मित हो जाती है। ऐसे में उनके बीच गलतफहमी दूर करके कुछ समय साथ में रहने की सलाह दी जाती है। इसके साथ ही उन्हें धार्मिक दृष्टिकोण से भी रिश्ते की महत्ता को बताने का प्रयास किया जाता है। इससे दंपती पुरानी बातों को भुलकर नई शुरुआत करने के लिए आपसी सहमति देते हैं।

### पारंपरिक तरीके से तय करें शादी

साहू समाज के प्रदेश अध्यक्ष टहल साहू ने बताया कि तलाक जैसी गंभीर समस्या को दूर करने के लिए कई तरह से प्रयास किया जा रहा। ऐसे में शहर और ग्रामीण इलाकों में युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन भी किया जा रहा। इसमें समाज के सदस्यों को पारंपरिक तरीके से बेटा-बेटी की शादी तय करने की बात कही जाती है। जिसमें युवक-युवती के घर के सदस्यों से बातचीत, पारंपरिक रस्म जैसे विभिन्न गतिविधियों को शामिल किया जाता है। यह प्रयास पारंपरिक तरीके से विवाह को बढ़ावा देने और समाज के बंधन को भी मजबूत करते हैं।

### सदस्य करते हैं काउंसलिंग

जैन समाज से विरेन्द्र डागा ने बताया कि रायपुर में जैन समाज के कुल 14 घटक हैं। प्रत्येक घटक के अपने पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। ऐसे में तलाक संबंधित समस्या को सामाजिक स्तर पर सुलझाने का प्रयास किया जाता है। जहां अनुभवी व बुजुर्ग व्यक्तियों की उपस्थिति में नव-विवाहित दंपतियों से काउंसलिंग करते हैं। इसके साथ परिवार के सदस्यों को बुलाकर दोनों पक्षों की समस्याओं को समझने का प्रयास किया जाता है।

सिटी इवेंट

## कार्यशाला में विद्यार्थियों को मिली सांस्कृतिक विरासत और संरक्षण की बारीक जानकारियां



**रायपुर।** संस्कृति विभाग, संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय के द्वारा महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय में सोमवार को मध्य छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक विरासत और उनका संरक्षण पर 5 दिवसीय कार्यशाला का आरम्भ हुआ। इस कार्यशाला में रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर संभाग के विश्वविद्यालय और महाविद्यालय के 70 विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यशाला के प्रभारी अधिकारी उप संचालक डॉ. पीसी पारख ने बताया कि कार्यशाला में 40 स्नातक, 25 स्नातकोत्तर और 5 शोध अध्येता आए, जिसमें पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर, गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय बिलासपुर, छत्तीसगढ़ कॉलेज रायपुर, डिग्री गर्ल्स कॉलेज रायपुर, वीवायटी स्वशासी कॉलेज दुर्ग, कल्याण कॉलेज भिलाई, महाप्रभु वल्लभाचार्य कॉलेज महासमुंद, शासकीय महाविद्यालय महासमुंद, कलिंगा यूनिवर्सिटी नवा रायपुर, यशवंत राव मेघावाले शासकीय महाविद्यालय मगरलोड (धमतरी) और एशियन एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलीविजन यूनिवर्सिटी रायपुर के विद्यार्थी एवं शोधार्थी शामिल रहे।

### भौगोलिक, सांस्कृतिक परिदृश्य के साथ राजवंशों पर हुई बातचीत

कार्यशाला के प्रथम व्याख्यान सत्र में भूगोल के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. शिवलाल कोका ने मध्य छत्तीसगढ़ के भौगोलिक और सांस्कृतिक परिदृश्य के बारे में बताया। उन्होंने इस क्षेत्र में स्थित पर्वतों, मैदानों, प्रवाहित नदियों और जलवायु के संदर्भ में प्रचलित संस्कृति के विभिन्न आयामों को स्पष्ट किया। श्री शंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के पूर्व कुलपति प्रो. एलएस निगम ने दूसरे सत्र को संबोधित करते हुए मध्य छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और प्राचीन राजवंशों पर कालक्रमानुसार विस्तार से



### मराठा व ब्रिटिश काल से जुड़ी किंवदंतियों को रोचकता से बताया

तीसरे सत्र को संबोधित करते हुए मैनपुर शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीके प्रसाद ने मध्य छत्तीसगढ़ में कल्चुरी शासन समाप्ति के बाद मराठों के आगमन और उसके बाद अंग्रेजों के समय के इतिहास और घटनाओं पर विस्तार से बात की। मराठा-ब्रिटिश काल से जुड़ी स्थानीय किंवदंति दसमत ओडनिन की कहानी को भी रोचक तरीके से बताया। वरिष्ठ इतिहासविद प्रो. केके अग्रवाल ने चौथे सत्र में देश के स्वाधीनता आंदोलन में मध्य छत्तीसगढ़ क्षेत्र के स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने स्वाधीनता आंदोलन के सामाजिक और आर्थिक पक्षों से भी प्रतिभागियों को परिचित कराया।

## सेल्फी-रील्स बनाने वाले युवाओं के लिए बेस्ट लोकेशन मिलने से क्रेज भी बढ़ रहा

रायपुर। शहर के युवाओं में फोटोग्राफी और रील्स को लेकर गजब की दीवानगी देखने को मिल रही है। शौकीन युवाओं ने शहर के तेलीबांधा स्थित मरीन ड्राइव और महोदव घाट के अलावा कई स्पॉट खोज लिए हैं, जहां वे फोटो और सेल्फी क्लिक करने पहुंचते हैं। इसके अलावा चर्चित गानों पर रील्स बना रहे हैं। इसके लिए वे नया रायपुर स्थित सेंध लेक, आईपी क्लब, ब्लू वाटर और भिलाई रोड पर बड़े तरिया भी पहुंच रहे हैं। हरिभूमि ने रील्स बनाने वाले युवाओं से शहर में और बाहर के स्पॉट के बारे में जानने का प्रयास किया। युवाओं ने बताया कि नया रायपुर में सेक्टर 21 का आईपी क्लब, ब्लू वाटर, सेंध लेक और नीलगिरी का जंगल है। इसी तरह खारून में नाव पर बैठकर प्री- वेडिंग शूट करवाने वाले पहुंचते भी पहुंचते है।



### सुबह व शाम को मिलता है खास पल

*शंकर नगर के लकी देशलहरे ने बताया कि नया रायपुर में क्रिकेट स्टेडियम के पास सेंध लेक है। बहुत से युवा वहां पर रील्स और फोटोग्राफी करने पहुंचते हैं। इसके अलावा मंदिर हसौद से आरंग जाने वाले मार्ग पर नीलगिरी पेड़ों का जंगल है। जहां पर लोग प्री- वेडिंग शूट करवाने पहुंचते हैं। नीलगिरी के जंगल में किसी भी समय में फोटो क्लिक किया जा सकता है। श्याम नगर की सोना गिरी बताती हैं कि भिलाई रोड स्थित बड़े तरिया में प्लॉट गैलरी है।*

### खदान बन गया ब्लू वॉटर तालाब

बिरगांव के तुषार साहू बताते हैं कि नया रायपुर में ब्लू वाटर नाम से बहुत पहले से बंद पड़ा एक खदान है, जहां पर बरसात का पानी भरा हुआ है। इस पानी का रंग नीला होने के कारण उसको ब्लू वॉटर लेक कहते हैं। नीले पानी से भरा, खदान का गड्ढा फोटो में शानदार बैकग्राउंड का काम करता है। इसके बारे में ज्यादातर लोगों को पता भी नहीं है। आगे बताया कि आईपी क्लब की बिल्डिंग के सामने व्यू बहुत सुन्दर है। युवाओं की कोशिश कैमरे के लेंस में बिल्डिंग के बैंकग्राउंड को लेने का रहता है। शहर के ज्यादातर युवा वहां पर चर्चित गानों पर रील बनाने के लिए पहुंचते हैं।

## मरीजों का जीवन बचाने युवाओं ने किया मॉडल ब्लड बैंक को रक्तदान

**रायपुर।** अग्रवाल सभा से जुड़े युवाओं ने मरीजों की जान बचाने के लिए रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन मरीन ड्राइव में किया। अध्यक्ष विजय अग्रवाल और मनमोहन अग्रवाल के नेतृत्व में रक्तदान संयोजक सुधीर अग्रवाल के मार्गदर्शन में सदभावना ग्रुप के सहयोग से यह रक्तदान शिविर किया गया।इसमे युवा मंडल की युवतियों ने आते - जाते राहगीरों द्वारा ब्लड डोनेट किया गया। सुबह 11 बजे से यह कैंप शुरू किया गया। जो शाम 5 बजे तक लगातार ब्लड डोनेशन का क्रम चला। इसमें 126 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। सुधीर अग्रवाल ने बताया कि शाम तक सभी डोनर को पावर बैंक गिफ्ट किया गया।



### मॉडल ब्लड बैंक को दिया

यह डोनेट किया ब्लड मेकाहारा के मॉडल ब्लड बैंक को प्रदान किया गया, ताकि मरीजों को यह ब्लड निःशुल्क दिया जा सके। इस कैंप में मॉडल ब्लड बैंक की टीम लगी थी। साथ में आरोग्य हॉस्पिटल की टीम के साथ रेड क्रॉस सोसाइटी की टीम ने भी सेवा दिया। आयोजन में अग्रवाल सभा से अध्यक्ष विजय के साथ योगी अग्रवाल ने सहयोग दिया।

पुरानी बस्ती के महामाईपारा में बन रहा भवन, इसमें 150 बुजुर्गों को मिलेगा अपनों सा स्नेह...

कार्नर न्यूज

## 'एक ईंट दान' थीम से युवा बनवा रहे दादा-दादी के लिए दो मंजिला आश्रय भवन



**रायपुर।** कुछ बेहतर करने की सोच हो तो रास्ते खुद बनते चले जाते हैं। ऐसा ही संयोग शहर के 130 युवाओं द्वारा 2017 में शुरू किए गए आर्टिस्टिक वाइब्स फाउंडेशन से भी जुड़ा है। इसमें शामिल युवा खुद का जन्मदिन, शादी की सालगिरह, परिवार में किसी का जन्मदिन मनाने की बजाय उस पैसे को फाउंडेशन में जमा करते हैं। इससे 150 बेसहारा दादा-दादी, नाना-नानी के लिए पुरानी बस्ती में साढ़े 6 हजार वर्गफीट जमीन पर ग्राउंड फ्लोर का निर्माण शुरू करवाया है। इसके ऊपर एक फ्लोर और बनवाने प्लानिंग की गई है। बनने के बाद बुजुर्गों को नए आश्रय भवन में शिफ्ट करेंगे। फाउंडेशन की संस्थापिका तृप्ति लुनिया ने बताया कि 'एक ईंट दान' अभियान थीम पर निर्माण से लोगों को जोड़ने के लिए एक ईंट की कीमत सात सौ रुपए तय की गई है। कुछ लोग एक तो कई दानदाता क्षमता के अनुसार ज्यादा ईंट की राशि भी जमा करवा रहे हैं।



### 2025 में ही मिलेगा नया भवन

सुश्री लुनिया ने बताया कि निर्माणाधीन आश्रय भवन बनने के बाद मनोहर जीवन कल्याण वृद्धाश्रम को शिफ्ट करेंगे। इसके बाद ऊपरी फ्लोर पर होने वाले काम को भी जारी रखा जाएगा। इस भवन का निर्माण पूरा करने में कई गुप्त दानदाता सहयोग दे रहे हैं। जिनके प्रयास से भवन के निर्माण में तेजी आई है। प्रयास किया जा रहा है कि बुजुर्गों को परिवार जैसा ही स्नेह और अपनापन मिले। इसके लिए ही संस्था से जुड़े युवाओं को जिम्मेदारी बांटी गई है। लोगों के सहयोग से भवन बनवाने के बाद ज्यादा बुजुर्गों को सेवा मिलेगी।

### 2 करोड़ 9 लाख में बनेगा आश्रय

*आश्रय भवन के निर्माण की लागत दो करोड़ 9 लाख रुपए तय की गई है। अभी 12 बुजुर्गों को दावड़ा कॉलोनी में किराए का मकान लेकर वहां मनोहर जीवन कल्याण वृद्धाश्रम का संचालन 2 जून 2022 से शुरू किया गया है। इसके पहले 2016 में मैंने बिना कोई संस्था बनाए अकेले ही दिव्यांग बच्चों को कला और शिल्प सिखाया। इसके साथ ही सेवा के क्षेत्र में काम करने का सिलसिला शुरू करते हुए युवाओं को जोड़कर काम करना शुरू किया। संस्था दिव्यांग बच्चों, बेघर हुए बुजुर्गों व घुमंतू श्वानों के लिए काम करती है।*



## आराधना

# बैंक मैनेजर्स में सकारात्मक दृष्टिकोण का भाव होना जरूरी



**रायपुर।** सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया द्वारा होटल आदित्य में 'प्रभावशाली संचार कोशल' व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य व्याख्याता के रूप में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय से ब्रह्माकुमारी अंशु और अदिति दीदी उपस्थित रहीं। जिन्होंने बैंक के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को संबोधित किया है। इसमें ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी ने कहा कि बैंक मैनेजर्स में सकारात्मक दृष्टिकोण का भाव जरूरी है। इससे बैंक के खाताधारकों से बातचीत में आसानी होती हैं, ऐसे में अन्य व्यक्ति आपकी बातों को गंभीरता से समझेंगे। व्यक्ति के संवाद में 7 प्रतिशत योगदान शब्दों का होता है, इसके बाद लहजा और बॉडी लैंग्वेज को माना गया है।

### अच्छे मैनेजर की विशेषता के टिप्स

व्याख्याताओं ने कहा कि कहते वक्त शब्दों का चयन सोच समझकर करें। बैंक में आए लोगों को समय पर और सही जानकारी देना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। एक अच्छे मैनेजर को चार महत्वपूर्ण बातों का ध्यान होना चाहिए। पहला, हमें लोगों की समस्याओं को धैर्यपूर्वक शांत मन से सुनना चाहिए। दूसरा, उनसे घुल-मिल जाएं और पूरी जानकारी लेने के बाद उनकी समस्याओं को महसूस करें। तीसरा, जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान निकालें। चौथा, बैंक में कार्य करते समय मेडिटेशन की सहायता से मन को शांत रखने का प्रयास करें।

## धर्म लाइव

# जन्म कल्याणक महोत्सव में बेजुबान जीवों की 15 दिन सेवा



**रायपुर।** भगवान महावीर का जन्म जीवदया का परिचायक है। उनका जीवन तप-त्याग और संस्कारों की शिक्षा देता है। तपस्या से आत्मा पवित्र होती है। अब महावीर स्वामी के संदेश को हर घर में पहुंचाने की जरूरत है। उनका संदेश है 'जियो और जीने दो'। अभी हर जगह हिंसा व्यापक पैमाने में फैली हुई है। ऐसे में महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति 2025 द्वारा संसार में विद्यमान सभी बेजुबान जीवों के प्रति मन में करुणा के भाव हों, इसके लिए रविवार को जीवदया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्सव समिति के अध्यक्ष महावीर कोचर ने बताया कि उत्सव समिति द्वारा भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर 15 दिनों तक भव्य आयोजन रायपुर में करता है।

### सेवा उत्सव को महोत्सव बनाने प्रयास

इस क्रम में वर्षभर भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के आयोजन होंगे। इसमें जैन समाज के धर्मप्रेमी भाग लेंगे। श्री जिनकुशल जैन दादाबाड़ी में इकट्ठा होकर लोग मरीन ड्राइव, लाभांडी और जोरा आदि क्षेत्रों में विचरण करने वाले बेजुबान पशुओं जैसे गाय, श्वान को रोटी, टोस्ट और गुड़ खिलाने आयोजन किया गया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष विरेंद्र डागा, विकास धड़ीवाल, तनय लूनिया, श्रेणिक बोथरा मौजूद थे। उन्होंने इस उत्सव को सेवा का महोत्सव बनाने के लिए समाज के लोगों को आगे भी प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

## लाइव इवेंट

# अखंड रामायण पाठ में गूंजा जय-जय श्रीराम का जयघोष



**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थिति श्री सिद्ध संकटमोचन हनुमान मंदिर 'बावली वाले' में 'अखंड रामायण पाठ' का आयोजन किया गया है। दो दिवसीय संगीतमय अखण्ड रामायण पाठ माघ कृष्ण पक्ष में एकादशी वेदी पूजन के सुबह 10 बजे ब्राह्मणों की उपस्थिति में प्रारंभ की गई। इस अवसर पर सुबह से देर रात तक भारी संख्या में श्रद्धालु रामायण पाठ में शामिल होने पहुंचे। हवन पूजन, महाआरती और महाप्रसादी का वितरण किया गया, जिसके लिए मंदिर परिसर में भव्य तैयारी की गई थी।

### रामायण पाठ में श्री हनुमान की रंगोली

जय जय श्रीराम...के जयकारों के साथ अखण्ड रामायण पाठ की शुरुआत की गई, जहां सभी श्रद्धालु ढोल, बाजा, मंजीरा के साथ झूमते गाते दिखे। इस खास अवसर पर मंदिर प्रांगण में हनुमान भगवान की रंगोली भी तैयार की गई। भव्य रूप से तैयार रंगोली को शहर के रंगोली कलाकार सिद्धार्थ सोनी ने बनाया है। इसे देर रात तक चार घंटे की कड़ी मेहनत से तैयार किया गया। रंगोली कलाकार ने बताया, अखण्ड रामायण पाठ से पहले यह रंगोली तैयार की गई। इस पोर्ट्रेट रंगोली को चार बाय चार एरिया में तैयार किया गया, जिसे आकर्षक ढंग से प्रस्तुत करने के लिए फूलों से भी सजाया गया है।

**● राजधानी में गणतंत्र दिवस के दिन जगह-जगह झंडा वंदन, सांस्कृतिक आयोजनों में देश भक्ति का जज्बा**

# सुरक्षा बलों ने मार्च पास्ट संग दी तिरंगे को सलामी सांस्कृतिक छटा के बीच आकर्षण घुड़सवारी

गणतंत्र दिवस पर स्कूल-कॉलेज ही नहीं प्राइवेट संस्थानों में भी झंडा वंदन का सिलसिला चला। पुलिस लाइन में सुरक्षा बलों ने मार्च पास्ट करते हुए तिरंगे को सलामी दी। इस अवसर पर सलामी लेने के लिए राज्यपाल रमेन डेका मौजूद थे। सांस्कृतिक छटा के बीच घुड़सवारी करते हुए जवान आकर्षण का केन्द्र रहे। इनके बीच महिला बैंड ने भी लोगों को देश भक्ति के जज्बे से ओतप्रोत करने वाला माहौल दिया। वहीं शहर के अलग-अलग क्षेत्र में आयोजनों का सिलसिला चला। इस कला-संस्कृति की छटा बिखरी।












**रायपुर।** परेड ग्राउंड में सुरक्षा बलों की 17 टुकड़ियों ने कदम ताल मिलाते हुए मार्च पास्ट किया। परेड कमांडर हर्षित मेहर की निगरानी में आयोजन हुआ। केन्द्रीय अर्धसैनिक सुरक्षा बलों में बेस्ट कंटिजेंट तेलंगाना पुलिस को प्रथम ईनाम के साथ पांच हजार रूपए देकर सम्मानित किया। द्वितीय स्थान पर भारत तिब्बत सीमा बल को तीन हजार और केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल को तृतीय पुरस्कार दो हजार रूपए से सम्मानित किया। बेस्ट कंटिजेंट राज्य पुलिस बल का प्रथम इनाम सशस्त्र बल महिला और द्वितीय नगर सेना महिला के साथ ही तृतीय स्थान सशस्त्र बल पुरूष को प्राप्त हुआ। इसके बाद बेस्ट कंटिजेंट प्रथम एनसीसी बॉयज, द्वितीय एनसीसी गर्ल्स को प्राप्त हुआ। उनका उत्साह बढ़ाने ट्राफी प्रदान की गई।



**चेम्बर कार्यालय में किया गया ध्वजारोहण :** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, अजय भसीन, उत्तम गोलछा ने बताया कि ध्वजारोहण का आयोजन कार्यालय बाम्बे मार्केट में किया गया। रविवार, 26 जनवरी को प्रातः 9.30 बजे ध्वजारोहण किया गया।



**एनआईटी में छलका उत्साह :** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर में रविवार को गणतंत्र दिवस का उत्साह देखने लायक था। निदेशक डॉ. एन.वी. रमना राव, रजिस्ट्रार डॉ. पी.वाई. ढेकने के साथ डीन सहित सभी विभागाध्यक्ष, फैकल्टी मेंबर्स और छात्र उपस्थित थे।



**राज्य उपभोक्ता आयोग में पौधरोपण :** राज्य उपभोक्ता आयोग में गणतंत्र दिवस के अवसर पर अध्यक्ष न्यायमूर्ति गौतम चौरड़िया ने ध्वजारोहण किया। राज्य उपभोक्ता आयोग में इस अवसर पर रजिस्ट्रार आलोक कुमार, मोना चौहान, जिला उपभोक्ता आयोग अध्यक्ष एवं सदस्य भी प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस अवसर पौधरोपण किया गया।



### सेंट्रल बैंक में किया ध्वजारोहण

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अंचल प्रमुख बीआर रामा कृष्णा नायक ने रायपुर स्थित मुख्यालय में गणतंत्र दिवस पर तिरंगा ध्वज फहराया। इस मौके पर उप अंचल प्रमुख राजेश कुमार सिंह, सहायक महाप्रबंधक रेखा नायर, विजय मीणा सहित बैंक के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।



### आयकर विभाग में फहराया तिरंगा

आयकर विभाग में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य आयकर आयुक्त अपर्णा करण ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए लक्ष्य व उपलब्धियां गिनाईं।

### राज्यपाल ने बच्चों को बांटा चॉकलेट



राज्यपाल रमेन डेका ने 76वें गणतंत्र दिवस पर सुबह राजभवन में राष्ट्रीय ध्वज फहराते हुए सलामी ली। इसमें राजभवन के सभी अधिकारी, कर्मचारी, उनके परिजन व बच्चे शामिल हुए। इस मौके पर श्री डेका ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। बच्चों को चॉकलेट भी बांटे। समारोह में यशवंत कुमार,भीष्म प्रसाद पाण्डेय, हिना अनिमेष नेताम प्रमुख रूप से शामिल हुई।

### तिरंगा की छांव में प्रतिभा सम्मानित




*महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल में बच्चों ने गणतंत्र दिवस उत्साह और जोश के साथ मनाया। इस अवसर पर शैक्षणिक और खेलकूद के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया। मंडल की उपाध्यक्ष गीता दलाल ने ध्वजारोहण किया। वहीं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। 10वीं, 12वीं बोर्ड में अच्छा प्रदर्शन करने वाले मैथ्स, बायो, कॉमर्स और आर्ट्स के विद्यार्थियों का भी सम्मान किया।*

### पिछड़ा वर्ग ने निकाली प्रभात फेरी



*छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग संगठन ने विभिन्न समाज के खिलाड़ियों के साथ रावणभाटा मैदान में झंडा वंदन के बाद प्रभात फेरी निकाली। वहीं प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने लोगों को संबोधित किया। इसमें साहू समाज के घासीराम साहू, आदिवासी समाज से सुरेश नेताम, कुर्मी समाज से किशुन राम वर्मा, राज बिसेन , धोबी समाज से वरुण निर्मलकर मंचस्थ रहे।*



*राजीव भवन में पीसीसी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने झंडा वंदन किया। इस अवसर पर सदस्यों के बीच उन्होंने संबोधन देते हुए इस खास अवसर के लिए सभी को शुभकामनाएं दी।*

### 'स्वर्णिम भारत - विरासत और विकास'



*श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में गणतंत्र दिवस की धूम रही। 'स्वर्णिम भारत - विरासत और विकास' थीम पर आयोजन किया गया। यह समारोह श्री साईंराम ऑडिटोरियम में हुआ। इसमें देशभक्ति व एकता की भावना का अद्भुत संगम देखने को मिला। रजिस्ट्रार डॉ. सौरभ कुमार शर्मा, कुलपति प्रो. एस.के. सिंह ने अपने संबोधन में विश्वविद्यालय के विकास और राष्ट्र की प्रगति के प्रति योगदान की बात की।*

### कोलंबिया में मनाया गया देशप्रेम का पर्व

*कोलंबिया ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने भव्य समारोह किया। जिसमें भारत के संविधान के लागू होने और देश की स्वतंत्रता के प्रतीक के रूप में इस दिन को पर्व की तरह मनाया गया। इसमें जन प्रगति एजुकेशन सोसाइटी के सचिव हरजीत सिंह हुरा, सदस्या कमलजीत कौर हुरा और कोषाध्यक्ष रविंदर सिंह हुरा भी शामिल हुए। संस्थान के टॉपर छात्रों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने और राष्ट्रगान गाया गया। देशभक्ति गीत, नृत्य, नाटक की प्रस्तुति से छात्रों ने अवसर को खास बनाया।*





*संभागायुक्त महादेव कावरे ने ध्वजारोहण करते हुए अधिकारी-कर्मचारियों को गणतंत्र गणतंत्र दिवस की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उपायुक्त ज्योति सिंग और श्री बी.आर. जोशी उपस्थित थे।*

### शिवांश इंटरनेशनल स्कूल में रहा उत्साह




*शिवांश इंटरनेशनल स्कूल में ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया गया। इसमें विद्यालय की सचिव पदमिनी शर्मा ने ध्वजारोहण किया। समारोह में मेधावी छात्र-छात्राओं को उपलब्धियों के लिए स्मृति चिन्ह और सर्टिफिकेट दिया गया। इस अवसर पर उप संचालक शुभम त्रिपाठी, प्राचार्य दीपाली त्रिपाठी प्रमुख रूप से उपस्थित रही।*

### एनटीपीसी में छलका उत्साह



*एनटीपीसी नया रायपुर में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पीके मिश्रा ने तिरंगा फहराया। क्षेत्रीय निदेशक की मौजूदगी में अर्पिता महिला समिति द्वारा एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुति की गई। कार्यक्रमों में स्वच्छता पखवाड़ा, मेधा प्रतियोगिता, पावर क्विज, सतर्कता जागरूकता सप्ताह के विजेताओं को पुरस्कार दिया गया।*



*कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह ने कलेक्टोरेट में ध्वजारोहण किया। इसमें कलेक्ट्रेट में कार्यरत अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विश्वदीप और सहायक कलेक्टर सुश्री अनुपमा आनंद शामिल हुईं।*

### सुयश हॉस्पिटल में भी समारोह



*सुयश हॉस्पिटल में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। अस्पताल के संस्थापक डॉ. विवेक केशरवानी और डॉ. नंदिता केशरवानी ने ध्वजारोहण किया। इसमें निदेशक डॉ. नितिन गोयल, डॉ. मनोज लाहोटी, डॉ. विवेक केशरवानी, डॉ. भुवन शर्मा, डॉ. पूजा कद्दी, डॉ. जयेश परमार, डॉ. समीर मित्तल, डॉ. अविनाश चतुर्वेदी प्रमुख रूप से शामिल हुए।*

ये भी जानें

## एक्सरसाइज से जुड़े मिथ को जानिए, इसमें सबकी राय होती है अलग-अलग



अगर आप उनमें से हैं जो बहुत ही सीरियस होकर ट्रेनिंग लेते हैं या फिर आप एक्सरसाइज शुरू करने की योजना बना रहे हैं, तो आपने उससे जुड़ी कई बातें सुनी होंगी। आपने कुछ अच्छे मिथक (जो वास्तव में सत्य हैं) और बुरे मिथक (जो बहुत समस्याग्रस्त हो सकते हैं) के बारे में सुना होगा।

हार्वर्ड में ह्यूमन इवोल्यूशनरी बायोलॉजी के प्रोफेसर डैनियल लिबरमैन ने इन मिथकों के बारे में बताया है, ताकि आप जान सकें कि अपने डेली रूटीन में आप कुछ गलत तो नहीं कर रहे। वैसे आपको जानकर हैरानी होगी कि बॉलीवुड सुपरस्टार जॉन अब्राहम भी अक्सर एक्सरसाइज से जुड़े इन मिथ्स के बारे में बात करते रहते हैं।

**दौड़ना आपके घुटनों के लिए बुरा है :** ये एक ऐसी आम धारणा है, जो बहुत गलत है। ज्यादातर लोगों को रनिंग के बारे में यही धारणा होती है और वो उसे सच मानते हैं। सभी को लगता है कि रनिंग करने से समय के साथ आपके घुटनों पर बुरा असर पड़ेगा। लेकिन होता वास्तव में इसके बिल्कुल विपरीत है। दौड़ने से वास्तव में आपके ज्वाइंट्स को समय के साथ खुद को ठीक करने की आदत हो जाती है। अगर आप रोइंग या स्विमिंग भी करते हैं, तो हमें बस ये ध्यान रखने की आवश्यकता है कि हमें इसके फायदे उठाने के लिए इसे ठीक से करना सीखना चाहिए।

**एक्सरसाइज की कोई सही मात्रा नहीं है :** जब तक आप ऐसे व्यक्ति नहीं हैं, जिसे डेली वर्कआउट (या सप्ताह में लगभग 4-5 बार) करने की आदत है, तो हो सकता है कि अपनी वीकली वर्कआउट की मात्रा पूरी नहीं कर रहे हों, जो प्रति सप्ताह 150 मिनट है। लिबरमैन के अनुसार, आपको स्वस्थ रहने के लिए हर दिन बहुत ज्यादा एक्सरसाइज की आवश्यकता नहीं है। आप न्यूनतम एक्टिविटी के साथ भी फिट रह सकते हैं।

**एक्सरसाइज का एक परफेक्ट फॉर्म है :** एक्सरसाइज का मामला बहुत ही पर्सनल है और एक्सरसाइज की एक तय मात्रा सभी के लिए एकसमान रूप से कार्य नहीं करती है। इसी तरह एक एक्सरसाइज भी सभी के लिए उपयुक्त नहीं है और इसीलिए आपको एक्सरसाइज के प्रकारों के बारे में सावधान रहना चाहिए, और साथ ही एक्सरसाइज की ड्यूरेशन के बारे में भी, जिसे आप अपने लिए चुनते हैं। एक हफ्ते में एक निश्चित मात्रा में एक्सरसाइज अच्छी है (जैसा कि दूसरे पांइट में बताया गया है), पर इसकी इंटेंसिटी और फ्रीक्वेंसी प्रत्येक व्यक्ति के हिसाब से अलग अलग हो सकती है।

## आखिर क्यों टूटे हुए बर्तन में खाना खाने की होती है मनाही?



टूटे हुए बर्तनों में भोजन करने से आपको कई तरह के नुकसान हो सकते हैं और ऐसा कहा जाता है कि ऐसे में भोजन करने से नकारात्मक ऊर्जा आ सकती है। आइए जानें शास्त्रों में ऐसा क्यों कहा जाता है।

भारतीय संस्कृति और शास्त्रों में भोजन को एक पवित्र कर्म माना जाता है। यह हमारे शरीर को ऊर्जा तो देता ही है और हमारे मन को भी पवित्र करता गई। इस कर्म को देव तुल्य माना गया है। कहा जाता है कि भोजन केवल शरीर का पोषण नहीं करता, बल्कि यह हमारी आत्मा और मानसिक स्थिति को भी प्रभावित करता है। इसलिए, भोजन करने के समय से लेकर, उसके तरीकों, भोजन ग्रहण करने के बर्तनों तक, हर चीज़ का ध्यान रखने की परंपरा है। दरअसल भोजन को लेकर कई नियम बनाए गए हैं जिनका जिक्र शास्त्रों में किया गया है। जिस तरह आपको भोजन गलत समय पर नहीं करना चाहिए, वैसे ही शास्त्रों के अनुसार, टूटी हुई थाली या बर्तन में भोजन करना अशुभ और कई समस्याओं का कारण बन सकता है। ज्योतिर्विद पंडित रमेश भोजराज द्विवेदी से जानते हैं कि शास्त्रों में ऐसा क्यों कहा गया है कि आपको कभी भी भोजन टूटे या पुराने बर्तनों में नहीं करना चाहिए।

### ठंड के दिनों में अस्थमा के मरीजों को ज्यादा सावधान रहने की जरूरत

# सर्दियों में बढ़ सकती हैं अस्थमा की समस्या, खान-पान में एहतियात बरतने के साथ संपर्क में रहें अपने डॉक्टर के

सर्दियों का ये मौसम आपकी सेहत के लिए कई प्रकार से चुनौतीपूर्ण हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, बच्चे-बुजुर्ग और कुछ प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं के शिकार लोगों को ठंडक से बचाव करते रहना बहुत जरूरी हो जाता है। गिरता तापमान ब्लड प्रेशर, शुगर, हृदय रोगों से लेकर सांस की समस्याओं के शिकार लोगों की दिक्कतों को बढ़ाने वाला हो सकता है। यही कारण है कि इस मौसम में लोग अधिक बीमार पड़ते हैं। ऐसे में अगर आपको भी इस तरह की कोई दिक्कत है तो सावधान हो जाने की आवश्यकता है।

सर्दियों का मौसम सांस के रोगियों जैसे अस्थमा, ब्रोंकाइटिस या फिर निमोनिया जैसी बीमारियों के शिकार लोगों के लक्षणों को बढ़ाने वाली हो सकती है। हवा में शुष्की और ठंडक के कारण श्वसन तंत्र की समस्याओं के शुरू होने का भी खतर हो सकता है। आइए जानते हैं कि ठंड का मौसम किस प्रकार से श्वसन समस्याओं के शिकार लोगों के लिए समस्याकारक है और बचाव के लिए किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक हो जाता है?



### ठंड के मौसम में अस्थमा की दिक्कत

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, अस्थमा के शिकार लोगों के लिए ये जानना जरूरी है कि किन चीजों से आपकी समस्या ट्रिगर हो सकती है। पर्यावरणीय एलर्जी, बीमारी या तापमान में परिवर्तन इनमें से प्रमुख है। कई लोग बताते हैं कि सर्दियों के महीनों के दौरान उनके लक्षण बढ़ जाते हैं।

मौसम में बदलाव, हवा में शुष्की के कारण आपके वायुमार्ग में जलन हो सकती है, जिसमें वायुमार्ग की परत में सूजन बढ़ने लगती है। यह जलन-सूजन अस्थमा के लक्षणों को बदतर बना देती है। रोगी को सीने में जकड़न, खांसी, सांस लेने में तकलीफ और घरघराहट जैसी दिक्कतें होने लगती हैं।

### सर्दियों में बढ़ सकती हैं श्वसन समस्याएं

श्वसन रोग विशेषज्ञ बताते हैं, न केवल अत्यधिक गर्मी और ठंड आपके अस्थमा को ट्रिगर करती है, बल्कि तापमान में अचानक बदलाव के कारण भी दिक्कतों के बढ़ने का खतरा रहता है। मौसम में बदलाव के अलावा सर्दियों के महीने आमतौर पर श्वसन वायरस में वृद्धि वाले भी होते हैं, जो अस्थमा रोगियों के लिए ट्रिगर होते हैं। इस मौसम में आरएसवी, फ्लू, सामान्य सर्दी और कोविड-19 जैसे संक्रमण के कारण भी अस्थमा पीड़ितों की समस्या बढ़ सकती है। अध्ययनों से पता चलता है कि सर्दियों के महीनों के दौरान वायरल संक्रमण 60 से 70% तक अस्थमा के जोखिमों को बढ़ाने वाले हो सकते हैं।

### क्या है डॉक्टर्स की सलाह?



डॉ. सलाह देते हैं कि जब मौसम बदलता है तो अस्थमा या सांस के अन्य रोगियों को अपने पल्मोनोलॉजिस्ट की सलाह जरूर ले लेनी चाहिए। सुनिश्चित करें कि ठंड से बचाव करते रहें, दवाओं में लापरवाही न करें। सर्दियों में गर्म कपड़े पहनें, विशेष रूप से मुंह, नाक और सिर के आसपास के हिस्सों को अच्छी तरह से ढक कर रखें। किसी भी जटिलता से बचाव के लिए इनहेलर हमेशा अपने पास रखें। डॉक्टर कहते हैं, सर्दियों के दौरान अस्थमा के ट्रिगर होने का एक कारण इनडोर प्रदूषण भी हो सकता है। न केवल ठंड का मौसम अस्थमा से पीड़ित लोगों के लिए खतरा है।

## सर्द हवाओं के बीच ये जायकेदार सूप आपकी बॉडी को रखेंगे गर्म



सर्दियों में हर व्यक्ति को अपनी डाइट में सूप जरूर शामिल करना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि सूप हेल्थ के लिए फायदेमंद होते हैं, जिससे बॉडी हाइड्रेट रहती है और गर्माहट का एहसास भी होता है। साथ ही,ऐसे कई न्यूट्रिएंट्स होते हैं, जो हेल्थ के लिए भी फायदेमंद होते हैं। कई लोग बीमारी से बचने के लिए सूप एक हेल्दी ऑप्शन है। रोजाना सूप पीने से इम्यूनिटी बूस्ट होती है और यह वायरल इंफेक्शन से आपको बचाता है। ऐसे में हम सभी को घर पर सूप बनाकर पीना चाहिए। लेकिन बार-बार वही सब्जियों का सूप पीकर आप बोर हो चुकी हैं, तो इस बार कुछ नया ट्राई करें और हमारी बताई गई रेसिपी को फॉलो करें।

### मनचाव सूप

वैसे तो सूप की बहुत सारी वैरायटी मौजूद है, जिसे हम अपनी पसंद के हिसाब से ट्राई कर सकते हैं।आपको मनचाव सूप ट्राई करना चाहिए, इसकी रेसिपी हम आपके साथ साझा कर रहे हैं। बता दें मनचाव सूप न सिर्फ अच्छा होता है, बल्कि बनाने में भी आसान है। सबसे पहले एक बाउल में सभी सामग्रियों को निकालकर रखें। फिर तमाम सब्जियों के छिलके उतारकर अच्छी तरह से धो लें और छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लें। अब एक गैस पर पैन गर्म करने के लिए रखें और सभी सब्जियों को डालकर हल्का फ्राई करें। लगातार चलाते रहें और पानी डालकर थोड़ी देर के लिए रख दें। फिर इसमें नमक, लाल मिर्च पाउडर, सॉस और सभी सामग्रियों को डाल दें। पकाकर अच्छी तरह से चलाएं और पानी डालकर नमक डाल दें। अब ऊपर से सभी सामग्रियों को डालें और अच्छी तरह से उबालकर गाढ़ा करें। बस आपका सूप बनकर तैयार है।

### टमाटर का सूप

सबसे पहले टमाटर धोकर बड़े-बड़े टुकड़ों में काट लें। अब एक बर्तन में दो कप पानी डालें और हल्की आंच पर उबाल लें। पीनी उबालने के बाद टमाटर डालकर लगातार चलाते हुए पकाएं। जब टमाटर अच्छी तरह नर्म होकर पक जाएं, यानी पानी गाढ़ा हो जाए तो गैस बंद कर दें। अगर आपको जल्दी है तो फिर आप कुकर में पानी और टमाटर डालकर दो सीटी लगा लें। आपका काम बहुत आसान हो जाएगा। टमाटर को निकालकर ठंडे पानी में डालें और फिर छिलका उतार लें। अगर टमाटर ज्यादा सर्द हवाओं में ये सूप बॉडी को रखेंगे गर्म।

## घर में आते ही होने लगती है टेंशन, यह वास्तु दोष तो नहीं




जैसे ही वे घर के अंदर आते हैं, उन्हें एक अजीब सी नेगेटिविटी का अहसास होता है और ऐसे में उनका घर के अंदर रुकने का मन ही नहीं करता है। अगर वे घर के अंदर रहते भी हैं तो भी उन्हें एक अजीब सा स्ट्रेस होने लगता है। अगर आपके साथ भी ऐसा ही हो रहा है तो यह घर के वास्तुदोष के कारण हो सकता है। तो चलिए आज इस लेख में वास्तुशास्त्री डॉ. आनंद भारद्वाज आपको ऐसे कुछ वास्तुदोष के बारे में ही बता रहे हैं, जो घर में घुसते ही आपके मन में टेंशन का कारण बन सकते हैं-

### बहुत अधिक अंधेरा होना

अगर आपके घर में घुसते ही एंट्रेस पर बहुत अधिक अंधेरा है तो यह एक तरह की नेगेटिविटी क्रिएट करता है। इससे व्यक्ति का मन घर के अंदर आने का करता ही नहीं है। वह वापिस घर से बाहर जाना चाहता है। यह उसे एक अजीब तरह ही टेंशन देता है। इतना ही नहीं, घर की एंट्रेस की दीवारों पर सीलन या चटका हुआ प्लास्टर भी बिल्कुल अच्छा नहीं माना जाता है। इससे भी व्यक्ति को घर में घुसते ही टेंशन का अहसास होने लगता है। कई बार घरों में एंट्रेस के ठीक सामने सीढ़ियां बनी हुई होती हैं। ऐसे में दरवाजा खोलते ही व्यक्ति की नजर सबसे पहले सीढ़ियों पर जाती है। यह भी एक तरह की नेगेटिव एनर्जी क्रिएट करता है। इससे व्यक्ति को घर में घुसते ही टेंशन शुरू हो जाती है। अगर आपके साथ भी ऐसा है तो आपको सीढ़ी के सामने कोई रुकावट खड़ी कर देनी चाहिए। जिससे घर में आने वाले व्यक्ति की सीधी नजर दरवाजे पर ना जाए।

### टॉयलेट का दरवाजा


कुछ घरों को ऐसे भी बनाया जाता है कि घर के एंट्रेस के दरवाजे के ठीक सामने टॉयलेट का दरवाजा होता है। इसे भी वास्तुशास्त्र के अनुसार अच्छा नहीं माना जाता है।



## बच्चों को पढ़ाई के लिए दे रहे हैं फोन तो नजर रखने के लिए बस करें ये सेटिंग

आजकल ऑनलाइन क्लासेज का क्रेज काफी बढ़ गया है। हर स्कूल-कॉलेजों में स्मार्ट क्लासेज का होना आम बात है। बच्चे घर पर भी आकर स्मार्टफोन से पढ़ाई करते हैं। लेकिन, कई बार बच्चे स्टडी का नाम लेकर इधर-उधर की चीचें भी सर्च करने लगते हैं, जो उनके ध्यान को भटकाने में कारगर होता है। यही नहीं, क्लासेस का बहाना करके कई बार बच्चे घंटों गेम भी खेलने लगते हैं, जिससे न सिर्फ समय की बर्बादी होती है बल्कि उनका दिमाग भी पढ़ाई से दूर हो जाता है। अगर आप भी अपने बच्चों के इस हरकत से परेशान हैं और उनपर पैनी नजर रखना चाहती हैं, तो डिजिटल वैलबीइंग सेटिंग का फीचर बिल्कुल आपके लिए है। तो चलिए जानते हैं सेटिंग करने का तरीका क्या है।

### डिजिटल वैलबीइंग क्या काम करता है?



गूगल का डिजिटल वैलबीइंग फीचर काफी शानदार है। इसकी मदद से आपका मोबाइल फोन किस तरह से इस्तेमाल किया जा रहा है, इसका पता लगता है। इसमें आप ऐप टाइमर सेट कर सकते हैं। इसके अलावा, इसकी खास बात ये है कि इसमें टाइम पर डिस्प्ले बदलने की सुविधा भी मौजूद है। ऐसे में आपके बच्चे फोन का इस्तेमाल स्टडी के लिए कर रहे हैं या कुछ और देख रहे हैं, यह जानकारी भी बता सकता है। हालांकि, गूगल डिजिटल वैलबीइंग फीचर सिर्फ एंड्रॉयड 10 या इससे बाद के वर्जन पर ही काम करेंगे।

### कैसे करें डिजिटल वैलबीइंग की सेटिंग?

इस फीचर का इस्तेमाल करने के लिए सबसे पहले अपने फोन की सेटिंग में जाएं। यहां आपको Digital Wellbeing and Parental Controls के ऑप्शन पर टैप करना है। आप इसे ढूंढने के लिए सेटिंग में डायरेक्ट सर्च भी कर सकती हैं। इसके बाद, आपको ऐप के सारे आइकन्स की लिस्ट दिखेगी। इसके नीचे सेट गोल का ऑप्शन आएगा, जिसपर क्लिक करना है। इसके बाद आपके सामने टाइम सेट करना है। बस आपके फोन में सेटिंग हो जाएगी और सेटिंग के अनुसार फोन की डिस्प्ले ऑफ हो जाएगी। इसके अलावा, आप पहली बार डिजिटल वैलबीइंग ओपन करेंगी तो प्रोफाइल सेटअप करना होगा। बस इससे आप मैनेज कर पाएंगी कि फोन का किस तरह से इस्तेमाल किया जा रहा है।



रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

ALERT SGS PVT. LTD.
अब आपकी सुरक्षा, सही हाथों में होगी
PROVIDER SECURITY SERVICE (Pan India)
Register Now : Web : www.alertsgs.com
Gmail : alertsgsprivatelimited@gmail.com
7746000016,7747000019

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरें 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर रूई गद्दा | टावेल तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रूई भंडार
निराकारी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

LOCK & PULL
LOCK AND PULL THE HARDWARE SHOP
Hettich HÄFELE blum DURO SPACE YOUR SPACE OUR TOUCH
MODULAR KITCHEN AND HARDWARE
MODULAR WARDROBE
CALL NOW 0771-4903490
SHOPPERS PARADISE, 21, NEAR CITY CENTER MALL, PANDRI, RAIPUR, CHHATTISGARH 492009
SHOP NO. 1 AND SHOP NO. 2 LAKE VIEW APARTMENT, BANDHA TALAB, GANJPARA, DURG, CHHATTISGARH 491001

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस
93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### हॉलीवुड का रुझान अबू धाबी में शूटिंग पर, मिल रही 50 प्रतिशत की छूट

अमीरात क्रिएटिव मीडिया अथॉरिटी और फिल्म आयोग ने आबू धाबी में फिल्मों की शूटिंग के लिए निर्माताओं को 50 प्रतिशत कैशबैक देने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने छूट प्राप्त करने के नियमों के विषय में भी बताया। यह छूट 1 जनवरी 2025 से लागू हुई है।



अमीरात के क्रिएटिव मीडिया अथॉरिटी और फिल्म आयोग ने अबू धाबी में फिल्म निर्माताओं को शूटिंग के लिए आकर्षित करने को 50 प्रतिशत कैशबैक देने की घोषणा की है। इंटरनेशनल, रिजनल और लोकल प्रोडक्शन कंपनियों के लिए इन-मार्केट प्रोडक्शन और पोस्ट-प्रोडक्शन लागत पर कैशबैक छूट में 35 प्रतिशत से 50 प्रतिशत की वृद्धि कुछ मानदंडों और पॉइंट बेस्ड सिस्टम के आधार पर मिलेगी।

नई छूट 1 जनवरी 2025 से सभी प्रोडक्शंस के लिए उपलब्ध होगी। इस छूट के जरिए बढ़ी हुई वित्तीय परियोजना सीमाएं, अबू धाबी में फिल्म और टीवी प्रोडक्शन उद्योग में रणनीतिक निवेश को बढ़ाने और मजबूत करने की बेहतर प्रक्रिया दी जाएगी। अक्तूबर महीने में बेसलाइन को बढ़ाकर 30 प्रतिशत से 35 प्रतिशत कर दिया गया था। निर्माता और कंपनियां कैशबैक तभी पा सकेंगी जब वह इन शर्तों को पूरा करती हों, जिसमें पहली शर्त है कि वह अमीरात के अभिनेताओं, निर्देशकों लेखकों और फिल्मों में अन्य रोल के लिए अमीरात की प्रतिभाओं का उपयोग करें। दूसरी शर्त है कि निर्माता अमीराती विरासत, संस्कृति और लोकाचार वाला कंटेंट देते हों। अबु धाबी फिल्म आयोग बदली हुई छूट प्रणाली में नए 35 प्रतिशत बेसलाइन के अलावा एक अतिरिक्त अवसर देगी।

## टॉलीवुड

### राम चरण की फिल्म 'ऑरेंज' होगी फिर से रिलीज, दर्शकों को इंतजार

पैन इंडिया स्टार राम चरण इन दिनों अपनी फिल्म गेम चेंजर को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। साल 2010 में रिलीज हुई राम की फिल्म ऑरेंज को फिर से सिनेमाघरों में रिलीज किया जा रहा है। ग्लोबल स्टार राम चरण ने कथित तौर पर कई मौकों पर बताया है कि ऑरेंज उनकी पसंदीदा फिल्मों में से एक है। भले ही यह व्यावसायिक रूप से असफल रही हो। 2010 की रोमांटिक ड्रामा ऑरेंज को इस वैलेंटाइन डे पर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए सिनेमाघरों में वापस लौट रही है।



ऑरेंज 2010 की भारतीय तेलुगु भाषा की एक रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, जिसे भास्कर ने लिखा और निर्देशित और के. नागा बाबू द्वारा निर्मित है। फिल्म में राम चरण तेजा , जेनेलिया और शाजान पद्मसी ने अहम भूमिका निभाई है जबकि प्रभु और प्रकाश राज सहायक भूमिकाओं में नजर आए। फिल्म, जिसका संगीत हैरिस जयराज ने तैयार किया था और 26 नवंबर 2010 को रिलीज हुई थी। यह फिल्म रिलीज होने पर बॉक्स ऑफिस पर असफल रही, लेकिन समय के साथ एक कल्ट फिल्म बन गई। इसे 2011 में तमिल में राम चरण के रूप में और इसका मलयालम डब संस्करण है, जो 18 अप्रैल 2012 को रिलीज किया गया। राम चरण की गेम चेंजर भी बॉक्स ऑफिस पर फेल होती नजर आ रही है। फिल्म ने पहले दिन 51 करोड़ रुपये के कलेक्शन से शुरुआत की, लेकिन इसके बाद फिल्म की कमाई लगातार घटती गई। पहले हफ्ते फिल्म ने कुल 117 करोड़ 65 लाख रुपये। फिल्म ने 12वें दिन महज 9 लाख रुपये का कलेक्शन किया और बुधवार को 13वें दिन फिल्म का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन सिर्फ 8 लाख रुपये में सिमट कर रह गया। वहीं आज की बात करें तो 14वें दिन फिल्म ने अभी तक 19 लाख रुपये की कमाई की है, जो पूरे दिन के हिसाब से बदल सकता है।

## छॉलीवुड

### कवि भरत द्विवेदी की कलम से निकला 'मानव मार्केट' फिल्म का गीत "कलयुग के भगवान"

भिलाई टाकीज पिक्चर्स, वान्या फिल्म्स प्रोडक्शन और निम्स फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बनी हिंदी फीचर फिल्म 'मानव मार्केट' का पहला वीडियो साँग "कलयुग के भगवान" 25 जनवरी शनिवार को सुबह 10:00 बजे सोनोटेक म्युज़कि कम्पनी के यूट्यूब चैनल में रिलीज़ हो गया। ओम त्रिपाठी, बाली कुर्रे और नेहा शुक्ला की मुख्य भूमिकाओं वाली, फिल्म के लेखक-निर्देशक ग़ुलाम हैदर मंसूरी तथा निर्माता कैलाश चंद्र अग्रवाल, निम्मी रोशन सवाने और ग़ुलाम हैदर मंसूरी हैं। फिल्म मानव मार्केट के ज़रिये, स्वास्थ्य सेवा के नाम पर हो रहे व्यापार को, जनता के सामने लाने की कोशिश की गई है। फिल्म के पोस्टर का विमोचन, कुछ महीनों पहले रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल के द्वारा किया गया है। गीत "कलयुग के भगवान" के संगीतकार प्रदीप साटिया और अनुग्रह जाइडन हैं। गीतकार भरत द्विवेदी और गायक मयंक शुक्ला हैं। बहुत जल्द फिल्म को सिनेमाघरों में भी रिलीज़ किया जाएगा। जल्द ही फिल्म मानव मार्केट के सभी गीतों को सोनोटेक कैसेट कम्पनी के यू ट्यूब चैनल पर रिलीज़ किया जाएगा। गीतकार भरत द्विवेदी ने बताया कि गुलाम हैदर मंसूरी द्वारा निर्देशित चिकित्सा के बाजारीकरण पर बनी हिंदी फिल्म "मानव मार्केट" का टाइटल साँग "कलयुग के भगवान" लिखना कई मायनों में चुनौतीपूर्ण था।



उन्हें पहली बार किसी हिंदी फिल्म के लिए लिखने का अवसर मिला। यह उनके लिए बेहद चुनौती भरा तो था ही साथ ही उत्साहपूर्ण भी था।




एक समय था जब लोग सोचते थे कि रस्मी और पारंपरिक पहनावा सिर्फ़ महिलाओं तक ही सीमित है। लेकिन अगर आप देखें, तो राजाओं के समय से ही पुरुषों के पास हमेशा एक अनूठी शैली और अलग-अलग पहनावे होते थे। यह अलग-अलग संस्कृति और पारिवारिक परंपराओं में भिन्न होता था। इन वर्षों में भारतीय पारंपरिक मेन्सवियर विकसित हुआ है और अब हमारे पास पुरुषों के लिए एथनिक वियर में कई तरह के विकल्प उपलब्ध हैं

# फ्लोरल ब्रेड हेयर स्टाइल अनूठे ढंग से करें क्रिएट

अगर आप ब्रेड फ्लोरल हेयर स्टाइल क्रिएट करना चाहती हैं तो इसके लिए इस हैक्स को ट्राई करें इससे आसानी से ब्रेड बनकर तैयार हो जाएगी। इसके लिए सबसे पहले आपको आगे के बालों में सेक्शन कर उन्हें आगे सेट कर लेना है। अब जो पीछे के बाल हैं उनमें पफ क्रिएट करना है, इसके लिए बेस्ट है कि आप बैक कॉम्बिंग करें। इसके बाद पीछे के बालों को लेना है और ट्विस्ट कर सेट करना है। आप इसमें ब्रेड भी बना सकती हैं और छोटे-छोटे सेक्शन में सेट कर सकती हैं। फिर हेयर में बाउंस देने के लिए इन्हें खोलना शुरू कर देना है। इसके बाद इसमें पिन की मदद से फ्लावर सेट करने हैं। इस तरीके से आपका हेयर स्टाइल बनकर तैयार हो जाएगा। अगर आपके बाल पतले हैं तो जो तरीका इसमें बताया गया है आप उसके हिसाब से ब्रेड (हेयर स्टाइल टिप्स) बनाएंगी, तो बालों में एक बाउंस क्रिएट होगा। जिससे वो हेल्दी और हैवी लगेंगे। इसके लिए पहले आपको पफ क्रिएट करना है। अब आपको बालों को ट्विस्ट करना है और रबर बैंड की मदद से चोटी बनाकर सेट करना है। फिर इसे अंदर की तरफ ट्विस्ट करना है। इसी तरीके से आपको सारे बालों को ट्विस्ट कर सेट करना है। इसके बाद इसे पिन से सेट करना है। इस बात का ध्यान रखें कि बालों में हैवी कर्ल जरूर क्रिएट करें, ताकि वो अच्छे लगे। अब इसमें फ्लावर सेट करना है, छोटे-छोटे हिस्से में।



# फ्लोरल अनारकली सूट के नए डिजाइंस करें ट्राई, आपको मिलेगा परफेक्ट लुक






सूट को स्टाइल करने से पहले जरूरी है कि आप फिटिंग का भी खास ध्यान रखें, इससे आपका लुक और अट्रैक्टिव लगता है। जब भी हम कोई सूट खरीदते हैं तो मार्केट में जाकर अच्छे-अच्छे डिजाइन सर्च करते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि हम पहले से ही लेटेस्ट ट्रेंड को सर्च करके जाते हैं। लेकिन कई बार ऐसा होता है कि कई सारे डिजाइन और पैटर्न होते हैं जो हमसे छूट जाते हैं। फ्लोरल अनारकली सूट डिजाइन भी उनमें से एक है, आजकल ये काफी ट्रेंड में है। इसमें आपको हर एक डिजाइन और कलर के सूट मिल जाएंगे, जिन्हें आप किसी भी बड़े या छोटे इवेंट में वियर कर सकती हैं। चलिए डालते हैं इन डिजाइंस पर नजर।

## गाउन स्टाइल फ्लोरल अनारकली सूट

अगर आपको किसी पार्टी या फिर घर के किसी फंक्शन में गाउन पहनने का मन है लेकिन एथनिक लुक भी क्रिएट करना है तो इसके लिए आप गाउन स्टाइल अनारकली को वियर कर सकती हैं। इसमें आपको फ्लोरल प्रिंट जो आजकल काफी चल रहा है वो मिल जाएगा। इसकी खास बात ये होती है कि ये आपको लाइट और हैवी दोनों तरह के प्रिंट में मिल जाएंगे। कलर को आप अपनी पसंद के हिसाब से खरीद सकती हैं। मार्केट से खरीदने पर ये आपको 1000 से 2000 रुपये में मिलेगा।

## अनारकली सूट विद पैंट

घर में पूजा है तो इसके लिए आप इस फ्लोरल प्रिंट के अनारकली सूट को वियर कर सकती हैं। इसमें लुक काफी अच्छा लगता है। इस तरह के सूट में आपको शॉट अनारकली कुर्ती मिलेगी। जिसपर गोटा पट्टी वर्क होगा। इसके साथ सेम प्रिंट की पैंट और दुपट्टा सिंपल मिलेगा। इस तरह के अनारकली सूट को भी आप स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट में ये आपको 500 से 1000 रुपये में मिल जाएंगे।

## फ्रंट स्लिट अनारकली सूट

स्लिट ड्रेस आजकल काफी चल रही हैं यही फैशन ट्रेंड आपको अनारकली में भी मिल जाएगा। जिसे आप किसी भी पार्टी या (सलवार सूट) इवेंट में वियर कर सकती हैं।

# बैकलेस ब्लाउज को देना है स्टाइलिश लुक तो इन आसान टिप्स को कीजिए फॉलो

साड़ी में स्टाइलिश दिखने के लिए ब्लाउज के डिजाइन को बॉडी टाइप और आउटफिट के कलर कॉम्बिनेशन को ध्यान में रखकर चुनना बेहद जरूरी होता है।आजकल मार्केट में कई वैरायटी में आपको ब्लाउज के लेटेस्ट डिजाइंस नजर आ जाएंगे, लेकिन स्टाइलिश और बोल्ड दिखने के लिए हम बैकलेस ब्लाउज पहनना काफी पसंद करते हैं। बदलते दौर में आजकल बैकलेस ब्लाउज के भी कई डिजाइंस आपको इन्टरनेट के जरिये देखने को मिल जाएंगे। बैकलेस ब्लाउज को भी आप सिंपल या बिना स्टाइल किए नहीं छोड़ सकते हैं। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं बैकलेस ब्लाउज को स्टाइलिश लुक देने के आसान टिप्स और बताएंगे इनसे जुड़ी अहम बातें जो आपके लुक में जान डालने का काम कर सकती हैं।

**ब्लाउज को स्टाइलिश लुक देने के लिए चूड़ी का कैसे करें इस्तेमाल ?**


स्टाइलिश लुक पाने के लिए आपको वैसे तो मार्केट में कई चीजें मिल जाएंगी, लेकिन अगर आप बैकलेस ब्लाउज को स्टाइलिश लुक देना चाहती हैं तो इस तस्वीर में दिखाया गया डिजाइन साड़ी या लहंगे के साथ पहनने वाले बैकलेस ब्लाउज पर बनवा सकती हैं। चूड़ी के लिए आप किसी भी साइज या डिजाइन को चुन सकती हैं। हालांकि, डिजाइन के लिए आप अपने आउटफिट के पैटर्न और कलर कॉम्बिनेशन को ध्यान में जरूर रखें।



बैकलेस ब्लाउज में आपको फ्रंट से हॉल्टर नेकलाइन वाले कई ब्लाउज के डिजाइंस मिल जाएंगे, लेकिन स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप ब्लाउज के बैक डिजाइन में बीड्स, पर्ल्स या स्टोन वाली चैन का इस्तेमाल कर सकती हैं।

# छोटी आंखें दिखेंगी बड़ी-बड़ी, आई लाइनर लगाने की ये ट्रिक्स आजमाएं

ऐसा कहा जाता है कि किसी की आत्मा में झांकना हो, तो उसकी आंखों को करीब से देख लीजिए। बड़ी-बड़ी आंखों वाली हसीनाओं के लिए यह कहना आसान हो सकता है, लेकिन जिनकी छोटी आंखें होंगी उनका क्या? हां, मगर कुछ ऐसी ट्रिक्स हैं, जिनकी मदद से छोटी आंखों भी बड़ी दिख सकती हैं। एक आईलाइनर की मदद से आप ऐसा कर सकती हैं। ये ट्रिक्स आपकी छोटी आंखों में बहुत बड़ा बदलाव ला सकती हैं। चाहे आपको मेकअप आता हो या फिर आप नौसिखिया ही हों, सही तकनीकों के साथ अपनी आंखों को निखारने का तरीका हम ले आए हैं। इससे आपकी आंखें बड़ी और अधिक आकर्षक दिखाई दे सकती हैं।



## व्हाइट या न्यूड लाइनर लगाएं

अपनी आंखों को बड़ा दिखाने का सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है अपनी वॉटरलाइन पर सफेद या न्यूड आईलाइनर लगाना। यह ट्रिक आंखों को तुरंत ग्लो देती है और बड़ी और खुली-खुली आंखों का भ्रम पैदा करती है। एक छोटा-सा लेकिन प्रभावी चेंज देखने के लिए बस अपनी निचली वॉटरलाइन को एक सफेद या न्यूड पेंसिल से लाइन करें और फिर देखें, सब कैसे आपकी आंखों में डूबते हैं।

टाइटलाइनिंग का मतलब है कि आप नीचे ही नहीं, बल्कि ऊपरी वॉटरलाइन पर भी लाइनर लगाएं। इससे पलकें घनी दिखती हैं और एक हल्का स्मोकी लुक भी आता है। इ

## कार्नर न्यूज

### ये आउटफिट आपके काम के हैं अगर स्टाइल के साथ चाहते हैं कुछ नया करना तो

# अपनाइए ऐसे आउटफिट कॉम्बिनेशन, जिनको पहनकर आप भी दिख सकते हैं स्टाइलिश

जनवरी माह समाप्ति की ओर है और फरवरी आने वाला है। ऐसे में वेलेंटाइन वीक का यूथ को इंतजार रहता है। प्यार करने वाले तोहफा खरीदने से लेकर खुद को तैयार करने में व्यस्त हो जाते हैं। क्योंकि ऐसे मौसम में खुद को स्टाइलिश कौन नहीं बनाना चाहेगा। ऐसे बहुत से लड़के हैं, जो अपनी स्टाइल के साथ कुछ नया करना चाह रहे होंगे! इनकी मदद से अपने आप को स्टाइलिश बना सकते हैं।

## ब्लेजर, सॉलिड टी-शर्ट और कैनवास शूज

अभी सर्दी पूरी तरह गई नहीं है। इसलिए स्टाइल के साथ-साथ ठंड से भी बचना जरूरी है। आपका ऐसे वक्त में लेयरिंग करना सही साबित हो सकता है। इससे आपका लुक निखरेगा और सर्दी से भी बच सकते हैं। आपको इसके लिए बस इन तीन चीजों को पहनना होगा। ब्लेजर, सॉलिड टी-शर्ट और कैनवास शूज को पहनें। इसके लिए ध्यान रखें कि ब्लेजर और पैंट की मैचिंग परफेक्ट हो। इसके साथ कोई सॉलिड टी-शर्ट और कैनवास शूज पहन सकते हैं। इसके साथ मेटल चेन भी अच्छी लगेगी।




## हूडीज, जींस और व्हाइट स्नीकर

अगर आपको फंकी लुक अच्छा लगता है तो इस तरह के गेटअप में जाएं। ये परफेक्ट लुक देने के लिए काफी है। हूडीज, जींस और व्हाइट स्नीकर को पहनकर भी डेट पर जा सकते हैं। मगर ध्यान रखें कि कलर बहुत चटख नहीं होना चाहिए। क्योंकि वैसे रंग के कपड़ों को पहनकर डेट पर जाना सही नहीं माना जाता है।

## चिनोज, शर्ट और लोफर

अगर आप जींस, शर्ट और स्नीकर नहीं पहनना चाहते हैं तो ये आउटफिट कॉम्बिनेशन सही रहेगा। इस तरह के लुक में आप बहुत स्टाइलिश नजर आएंगे। बस आपकी मैचिंग सही होनी चाहिए। तब जाकर परफेक्ट लुक मिल सकता है। चिनोज, शर्ट और लोफर पर पर्सनैलिटी निखरकर आती है। आप इस ड्रेस में बेहद अट्रैक्टिव और कूल दिखेंगे। अगर आपको ऐसा लुक चाहिए तो फिर इस तरह से अपने वार्डरोब को रिफ्रेश करें।

## कैजुअल पैंट, टी-शर्ट और स्नीकर्स

अगर आपको अधिक कपड़े पहनने पसंद नहीं हैं तो ऐसे में क्या करें। इसके लिए आपको कैजुअल पैंट, टी-शर्ट और स्नीकर्स कैरी करना चाहिए। इस तरह के लुक में भी डेट पर जा सकते हैं। हां, मगर इस तरह के ड्रेस को पूरे आत्मविश्वास के साथ पहनें। ऐसे आउटफिट के साथ अपनी कलाई को सूनी न रखें। एक स्पोर्ट वॉच या लेदर बेल्ट वॉच पहन सकते हैं। अगर चटख कलर को भी पहनना है तो इस तरह से कैरी करें। जैसे कि यहां पर विकी कौशल ने किया है। सिंपल जींस, सॉलिड टी-शर्ट और मस्टर्ड कलर की जैकेट पहनें। इसमें आप क्या गजब के दिखेंगे।

